


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-63 सीहोर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## खाई में गिरा 'तूफान' वाहन, 6 की मौत, दूल्हा-दुल्हन घायल, 2 साल की मासूम ने भी तोड़ा दम

रायसेन (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। बताया गया कि तूफान गाड़ी अनियंत्रित होकर पुलिया से खाई में गिर गई। इस घटना में दो साल की मासूम बच्ची ने भी दम तोड़ दिया। वहीं दूल्हा-दुल्हन समेत तीन लोग घायल हो गए। यह सभी शादी समारोह से बिहार से इंदौर लौट रहे थे। यह पूरी घटना सुल्तानपुर थाना क्षेत्र की है।जानकारी के मुताबिक, इंदौर जिले के चंदनगर निवासी बिहार के पटना से शादी कर लौट रहे थे। इस दौरान नेशनल हाइवे 12 में बम्होरी गांव के पास गाड़ी पुलिया से खाई में गिर गई। इस घटना में छह लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। 2 साल की बच्ची ने भी दम दोड़ दिया। वहीं दूल्हा-दुल्हन समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को रायसेन जिला अस्पताल



रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान महिला चंदा देवी (60) उदयपुर राजस्थान, सरिता पत्नी रवि खोलवाल (25) चंदन नगर इंदौर, एक बच्ची तस्वी उर्फ चीनू (2) इंदौर और तीन पुरुषों मोहनलाल कुरील (68), दूल्हे का भाई नरेंद्र (30) इंदौर और ड्राइवर सुनील के रूप में हुई। घायलों में शामिल दीपक चोपड़ा दूल्हा है और संगीता दुल्हन है। दोनों परिवारों के लोग पटना गए थे और वहां से इंदौर लौट रहे थे। इस दौरान हादसे का शिकार हो गए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरफुसे ने बताया कि सुबह 6.30 से 7 बजे बम्होरी गांव के पास हादसा हुआ। तूफान गाड़ी में 9 लोग सवार होकर बिहार के पटना से शादी समारोह के बाद इंदौर लौट रहे थे। इस दौरान गाड़ी खाई में गिर गई।

## पत्नी ने पहले मिर्च पाउडर फेंका, फिर बांधकर किए चाकू से वार... पूर्व डीजीपी की हत्या को लेकर अहम खुलासा

बेंगलूरू (आरएनएस)। पूर्व पुलिस महानिदेशक ओम प्रकाश की हत्या को लेकर जो खुलासे हो रहे हैं वो हैरान करने वाले हं। इस मामले में पूर्व डीजीपी की पत्नी और बेटी को पकड़ा गया है। पता चला है कि जिस वक्त ओम प्रकाश की चाकू घोंपकर हत्या की गई, तब वह डिनर टेबल पर बैठे थे। ओम प्रकाश के पेट और सीने पर चाकू के कई घाव पाए गए हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि ओम प्रकाश और उनकी पत्नी के बीच जमीन-जायदाद को लेकर विवाद हुआ था। सूत्रों के मुताबिक दोपहर में उनका अपनी पत्नी से झगड़ा हो गया था।झगड़े के दौरान उनकी पत्नी ने उन पर मिर्च पाउडर फेंका, उन्हें बांधा और फिर चाकू से हमला करके उनकी हत्या कर दी. 68 साल के ओम प्रकाश पर कांच की बोतल से भी हमला किया गया था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हत्या में उनकी बेटी की कोई भूमिका है या नहीं।



संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्टपति जेडी वेंस, द्वितीय महिला उषा वेंस और अपने बच्चों के साथ नई दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर के दर्शन करते हुए.

## पीएम मोदी से मिले रणदीप हुड्डा, 'वेव्स' और 'ओबेसिटी' पर की बात

मुंबई (आरएनएस)। अभिनेता रणदीप हुड्डा सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र से मिले। इस दौरान उनकी मां आशा हुड्डा और बहन डॉ. अंजलि हुड्डा भी मौजूद थीं। हुड्डा ने इसे प्रेरणादायक मुलाकात बताया। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए रणदीप हुड्डा ने लिखा, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। देश के भविष्य के बारे में उनका नजरिया, ज्ञान और विचार हमेशा प्रेरणादायक होता है। उनका पीठ थपथपाना हमें हमारे क्षेत्र में अच्छा काम करते रहने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है। मां और बहन के साथ पहुंचे अभिनेता ने पोस्ट में आगे बताया कि इस मुलाकात में पीएम मोदी के साथ किन-किन बातों पर चर्चा की। हुड्डा ने आगे लिखा, हमने भारतीय सिनेमा के वैश्विक पटल पर बढ़ते रसूख, प्रामाणिक कहानी कहने की ताकत और सरकार के दूरदर्शी नए ओटीटी प्लेटफॉर्म-वेव्स के बारे में बात की, जो वर्ल्ड प्लेटफॉर्म पर भारतीयों की आवाज को ताकत देती है।हुड्डा ने पीएम मोदी के ओबेसिटी कैंपेन का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया, मेरी मां आशा हुड्डा और बहन डॉ. अंजलि हुड्डा के साथ शामिल होना एक गौरवपूर्ण फैमिली मोमेंट था, जिसमें हमने ओबेसिटी कैंपेन (मोटापा विरोधी अभियान) और समग्र स्वास्थ्य की उनकी पहलों पर बात की।

## पोप फ्रांसिस नहीं रहे : वेटिकन ने जारी किया शोक संदेश, दुनियाभर में शोक की लहर

वेटिकन सिटी,(ए)। कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से फेफड़ों में इन्फेक्शन की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती थे। वेटिकन कैमरलेन्गो कार्डिनल केविन फेरेल ने पोप फ्रांसिस के निधन की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस के निधन से वेटिकन समेत संपूर्ण दुनियां में शोक की लहर है।ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का वेटिकन सिटी में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। निमोनिया की शिकायत के चलते पोप फ्रांसिस को पिछले दिनों अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पॉप फ्रांसिस के निधन की वेटिकन सिटी द्वारा घोषणा कर दी गई है। पोप फ्रांसिस ने 88 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। जानकारी अनुसार निधन से एक दिन पूर्व ही अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उनसे मुलाकात



की थी। पोप फ्रांसिस के निधन से वेटिकन समेत पूरी दुनिया में शोक की लहर है।

यहां बताते चलें कि पोप फ्रांसिस पिछले एक हफ्ते से ब्रोंकाइटिस से पीड़ित थे। इसके चलते उन्हें शुक्रवार, 14 फरवरी को जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज चल रहा था, लेकिन उनकी हालत बिगड़ती गई। इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिखे। इसके साथ ही प्लेटलेट्स भी कम पाई गईं। हालांकि इलाज के बाद उन्हें अस्ताल से डिस्चार्ज भी कर दिया गया था।

**पहले गैर-यूरोपीय थे पोप फ्रांसिस**

कैथोलिक चर्च के इतिहास में एक नया अध्याय 2013 में जुड़ा, जब अर्जेंटीना के जेसुइट पादरी जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो को चर्च का सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस चुना गया। वे रोमन कैथोलिक चर्च के 266वें पोप रहे और बीते 1000 वर्षों में पहले ऐसे पोप बने जो यूरोप से नहीं, बल्कि दक्षिण अमेरिका से ताल्लुक रखते थे।

## बेंगलुरु में वायुसेना के फाइटर पायलट से मारपीट, पत्नी से दुर्व्यवहार; खून से लथपथ मिले विंग कमांडर

बेंगलुरु (आरएनएस)। देश की आईटी सिटी बेंगलुरु से एक बेहद शर्मनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां भारतीय वायुसेना के एक फाइटर पायलट विंग कमांडर आदित्य बोस के साथ सरेआम बेरहमी से मारपीट की गई और उनकी



पत्नी स्क्वाड्रन लीडर मधुमिता सीवी रमन के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। इस हमले में विंग कमांडर बोस गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें खून से लथपथ हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना बीते रविवार शाम की है, जब विंग कमांडर आदित्य बोस अपनी पत्नी के साथ एयरपोर्ट जा रहे थे। आरोप है कि बाइक सवार कुछ बदमाशों ने उनकी गाड़ी का पीछा किया और उसे रोक लिया। विंग कमांडर बोस ने इस पूरी घटना का एक वीडियो बनाकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और जिसने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है।

## विज्ञान मंथन यात्रा विद्यार्थियों के लिये उपयोगी सिद्ध होगी : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

**प्रदेश के 375 भावी वैज्ञानिकों का हुआ चयन, वंदे भारत ट्रेन से होगी यात्रा**

**भावी वैज्ञानिक नई दिल्ली एवं चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित 11 संस्थानों का करेंगे भ्रमण**



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार की शाम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मैपकॉस्ट) की 17वीं "विज्ञान मंथन यात्रा" का मुख्यमंत्री निवास परिसर से शुभारंभ किया। उन्होंने इस यात्रा के लिए चयनित प्रतिभाशाली भावी वैज्ञानिक बच्चों को बधाई देते हुए उनके साथ संवाद भी किया। उन्होंने एक शिक्षक के रूप में बच्चों से सवाल-जवाब भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ मुख्यमंत्री निवास परिसर से टेलीस्कोप द्वारा विभिन्न ग्रहों को देखा। उन्होंने विद्यार्थियों से अंतरिक्ष विज्ञान पर विस्तार पूर्वक संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं आप सभी के बीच मुख्यमंत्री या किसी शिक्षक नहीं मित्र के रूप में उपस्थित हूँ। आपके जीवन के लिए यह विज्ञान मंथन यात्रा उपयोगी सिद्ध होगी। पाठ्य पुस्तकों के अध्ययन के साथ विद्यार्थी जब विज्ञान से जुड़े नामी-गिरामी संस्थानों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर वहां की कार्य पद्धति की जानकारी प्राप्त करते हैं तो यह ज्ञान सिर्फ नौकरी के लिए नहीं बल्कि जीवन के लिए उपयोगी सिद्ध होता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मानव शरीर और प्रकृति का भी समन्वय है। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी प्रक्रियाएं जानने और समझने का विषय है। प्राण भी 5 प्रकार के हैं, जो श्वसन प्रणाली, हृदय, वाणी, पाचन प्रणाली, उत्सर्जन और प्रजनन प्रणाली और मांसपेशी के साथ परिसंचरण प्रणाली के रूप में जाने जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैपकॉस्ट जैसी संस्थाएं विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध करवाने की दिशा में सार्थक भूमिका निभा रही हैं।

**अंतरिक्ष विज्ञान पर बच्चों से बातचीत**

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बच्चों से प्रश्न किए कि पृथ्वी और चंद्रमा में से परिक्रमा कौन करता है? ग्रह और उपग्रह में क्या अंतर है? गुरुत्वाकर्षण शक्ति क्या है? ग्रहों की परस्पर दूरी का आकलन किस तरह होता है? विद्यार्थियों के सारगर्भित उत्तर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने यात्रा के लिए चयनित विद्यार्थियों के ज्ञान स्तर की प्रशंसा की।

अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय दुबे, मैपकॉस्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल, विभिन्न विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों के कुलगुरू एवं पदाधिकारी, शिक्षकगण उपस्थित थे।

## बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की याचिका पर जस्टिस गवई बोले-

**आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को दखल का आदेश दें?**

नई दिल्ली,(ए)। जस्टिस भूषण रामाकृष्ण गवई ने सोमवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट पर कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में अतिक्रमण करने के आरोप लग रहे हैं और उनसे राष्ट्रपति के दखल का आदेश देने के लिए कहा जा रहा है। वक्फ संशोधन कानून के विरोध में



बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर दाखिल याचिकाओं पर उन्होंने यह टिप्पणी की है। कोर्ट से इलाके में तत्काल पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की मांग की गई है।एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कहा कि मामला सुनवाई के लिए लगा है। मैं कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करना चाहता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि इलाके में शांति सुनिश्चित करने के लिए कोर्ट केंद्र को फोर्स तैनात करने का आदेश दे। जस्टिस बी आर गवई ने कहा कि आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को दखल का आदेश दें? हम पर पहले ही कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में अतिक्रमण का आरोप लग रहा है। जैन ने कहा कि उनकी याचिका मंगलवार को सुनवाई के लिए लगी है, लेकिन वह कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करना चाहते हैं।

## सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा- हिंदी नहीं थोपेंगे, पर अंग्रेजी की दीवानगी क्यों?

मुंबई(ए)। तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र में भाषा विवाद भी गहराता जा रहा है। पुणे में भंडारकर शोध संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, यह कहना गलत है कि हिंदी थोपने का प्रयास किया जा रहा है। महाराष्ट्र में मराठी अनिवार्य रहेगी। इसके अलावा कोई अन्य अनिवार्यता नहीं होगी। फडणवीस ने भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी के बारे में लोगों की धारणा पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'मैं एक बात से हैरान हूं। हम हिंदी जैसी भारतीय भाषाओं का विरोध करते हैं, लेकिन अंग्रेजी की प्रशंसा करते हैं। कई लोगों को ऐसा क्यों लगता है कि अंग्रेजी उनके ज्यादा करीब है और भारतीय भाषाएं उनसे दूर हैं? हमें इस बारे में भी सोचना चाहिए।

स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने की सरकार की मंजूरी पर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए फडणवीस ने कहा, हमें यह समझने की जरूरत है कि मराठी के स्थान पर हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति में कहा गया



है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई जाने वाली तीन भाषाओं में से दो भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, 'नई शिक्षा नीति ने तीन भाषाएं सीखने का अवसर प्रदान किया है। भाषाएं सीखना महत्वपूर्ण है। नियम कहता है कि इन तीन भाषाओं में से दो भारतीय होनी चाहिए। मराठी को पहले से ही अनिवार्य है। आप हिंदी, तमिल, मलयालम या गुजराती के अलावा कोई अन्य भाषा नहीं ले सकते। उन्होंने कहा कि सिफारिशों के अनुसार हिंदी भाषा के लिए शिक्षक उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, अन्य (क्षेत्रीय) भाषाओं के मामले में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं।




## गनोएडा : कार की टक्कर से महिला की मौत, पति घायल, पूजा कर लौटते समय हुआ हादसा

नोएडा (आरएनएस)। नोएडा के थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में सोमवार सुबह को एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा एसजेएम अस्पताल के पास एनएच-24 पर हुआ, जब पति-पत्नी मंदिर से पूजा कर लौट रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुज कुमार निवासी चोटपुर, बहलोलपुर थाना सेक्टर 63, अपनी पत्नी मोनिका उर्फ मोनी (उम्र 22 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल से मंदिर में पूजा कर घर लौट रहे थे। जैसे ही वे एसजेएम अस्पताल के पास पहुंचे, तभी एक कार (नंबर यूपी 14 एफसी 3702) ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोनिका की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनुज गंभीर रूप से घायल हो गया।

## राहुल गांधी ने अमेरिका में उठाए सवाल बोले- महाराष्ट्र में बालिगों से ज्यादा वोटिंग कैसे हो गई?



बोस्टन,(ए.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अमेरिका के दो दिवसीय दौरे पर हैं। यहां उन्होंने भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पहले मैं कई बार कह चुका हूं कि महाराष्ट्र में जितने बालिग नहीं हैं, उससे ज्यादा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने हमें साढ़े पांच बजे वोटिंग का आंकड़ा बताया। इसके बाद 5:30 से शाम 7:30 के बीच 65 लाख वोटिंग हुई। दूसरा उन्होंने कहा कि 2 घंटे में 65 लाख वोटिंग नामुमकिन है। एक वोटर को वोट डालने में करीब 3 मिनट लगते हैं।

अगर आप गणित लगाएंगे तो पता चलेगा कि रात 2 बजे तक वोटर्स की लाइन लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बता दें कि राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में फर्जी तरीके से वोटर्स जोड़े जाने का आरोप लगाया था। इस साल फरवरी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी हुई। वोटर लिस्ट में नए मतदाता जोड़े गए, ताकि भाजपा की जीत हो सके। राहुल ने इलेक्शन कमीशन से वोटर्स का डेटा मांगा था। राहुल ने आरोप लगाया था कि लोकसभा चुनाव के लिए पांच साल में महाराष्ट्र में 32 लाख वोटर्स जोड़े गए, जबकि इसके पांच महीने बाद विधानसभा चुनाव के लिए 39 लाख वोटर्स को जोड़ा गया। उन्होंने चुनाव आयोग से पूछा कि पांच महीने में पांच साल से ज्यादा वोटर्स कैसे जोड़े गए? विधानसभा चुनाव में राज्य की कुल वयस्क आबादी से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर्स कैसे थे? राहुल ने कहा कि इसका एक उदाहरण कामठी विधानसभा है, जहां भाजपा की जीत का अंतर लगभग उतना ही है जितने नए वोटर्स जोड़े गए।

## रीता सिंह बनीं शिकागो की सबसे प्रतिष्ठित भारतीय महिला

नई दिल्ली, (आरएनएस)। जे. बी. सिंह, जो भारतीय गुप्तचर ब्यूरो (आई.बी.) के सेवानिवृत्त अधिकारी और राष्टपति पुलिस पदक से सम्मानित हैं, की बेटी रीता सिंह को शिकागो में भारतीय समुदाय के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।रीता सिंह पिछले 28 वर्षों से शिकागो में रह रही हैं और वह कई प्रमुख सामुदायिक संगठनों जैसे 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन्स (आआईए), शिकागो' और 'विमेंस एंपावरमेंट (डब्लूई), शिकागो' की संस्थापक हैं। इन वर्षों में, उन्होंने भारतीय और भारतीय प्रवासी समुदाय के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनके नेतृत्व ने सामुदायिक कल्याण, सांस्कृतिक संरक्षण और महिलाओं के सशक्तिकरण में अहम योगदान दिया है।





## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माँ क्षिप्रा के घाटों की सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागिता की

# माँ नर्मदा परिक्रमा मार्ग के सौंदर्यीकरण करण के साथ यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनाया जाएगा : मुख्यमंत्री

>>> दो वर्षों में माँ क्षिप्रा के 29 किमी घाट और तैयार हो जायेंगे, जिससे माँ क्षिप्रा की परिक्रमा करने वाले यात्रियों को सुविधा होंगी

>>> पंच कोशी यात्रियों का स्वागत, सम्मान कर यात्रा का शुभारंभ कराया नगर निगम के स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया

भोपाल (निप्र) । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन क्षिप्रा के रामघाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत घाटों की सफाई की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षिप्रा नदी में उतरकर घाटों की सफाई की। उन्होंने सफाई के बाद क्षिप्रा में स्नान किया। उन्होंने माँ क्षिप्रा का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हमारे प्रदेश के पुराने ऐतिहासिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का विशेष अभियान है। इसमें नदियों को पुन: प्रवहमान बनने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। भोपाल के पास बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित कर दिया गया है, इस अभियान की यह विशेषता है कि हम अपनी ऐतिहासिक, पुरानी बावड़ी, कुएँ, तालाब, जल स्त्रोत को पुनर्जीवित कर रहे है।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में और पूरे विश्व में हमारे मध्यप्रदेश की माँ नर्मदा ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है, मध्यप्रदेश सरकार नर्मदा नदी के परिक्रमा स्थल को सुव्यवस्थित कर तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं बनाएंगे और माँ क्षिप्रा के घाटों को 29 किलोमीटर और बनाया जा रहा है, जिससे माँ क्षिप्रा के परिक्रमा करने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी।

उज्जैन में माँ क्षिप्रा को प्रवहमान बनाने के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी जलाशय योजना, माँ क्षिप्रा की स्वच्छता बनाए रखने के लिए खान डायवर्सन नदी परियोजना भी चल रही है। इसका 50% काम लगभग पूरा हो चुका है, आने वाले 2 वर्षों में माँ क्षिप्रा कल-कल होकर बहेगी, इसी संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन ऐतिहासिक पौराणिक नगरी के साथ-साथ काल गणना का प्रमुख केंद्र रहा है, अकबर, शाहजहां, जहांगीर ने भी उज्जैन में प्रवास किया था और भर्तहरी गुफा पहुंचकर काल गणना के ज्ञान को समझा था, यहां पर उन्होंने टकसाल भी स्थापित कराई थी। यह केवल ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी के साथ एक वैज्ञानिक नगरी भी है हम इसके वैभव को पुन: स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं राजा भृतहरि, सम्राट विक्रमादित्य, सम्राट अशोक के साथ-साथ अन्य महान राजाओं के द्वारा उज्जैन के लिए अनेक प्रकार के प्रमाणिक कार्य किए गए हैं। श्रीमंत महाद जी सिंधिया ने पानीपत के युद्ध के बाद इसके गौरव को पुनर्स्थापित किया और लाल किले पर धवज फहराया था। इन सभी महान राजाओं की गाथा का आज भी उज्जैन की भूमि आज भी यशोगान कर रही है।

## प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी की पत्रकार वार्ता

# मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण पर सवैधानिक संकट, मध्यप्रदेश में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू हो : जीतू पटवारी



भोपाल (निप्र) । मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिषत आरक्षण के कानून को लागू न करने और इससे उत्पन्न संवैधानिक संकट पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार पर संविधान की अवमानना का आरोप लगाते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदय से मध्य प्रदेश में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है। श्री पटवारी ने बताया कि 8 मार्च 2019 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिषत करने के लिए अध्यादेश जारी किया था, इस अध्यादेश को एमबीबीएस की एक छात्र स्मृति दुबे द्वारा चौलेंज किया गया जिसमें मां ने हाई कोर्ट ने इस बड़े हुए आरक्षण को मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट में लागू न करने की रोक लगाई थी। इस अध्यादेश को बाद में जुलाई 2019 में विधानसभा द्वारा विधिवत कानून बनाकर लागू किया गया। इस कानून को आज तक किसी भी याचिका में चुनौती नहीं दी गई और न ही किसी न्यायालय ने इस कानून को लागू करने पर रोक लगाई है।

## मध्य प्रदेश मौसम अपडेटः 24 अप्रैल तक इन जिलों में हीटवेव का असर, क्या फिर छाएंगे बादल? होगी बारिश?



भोपाल (आरएनएस)। बादल बारिश का दौर थमते ही मध्य प्रदेश का मौसम एकदम से बदल गया है।तापमान में इजाफा होते ही गर्मी का असर तेज होने लगा है। रविवार को प्रदेश के करीब 23 शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। रतलाम व सीधी में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की और वृद्धि हो सकती है।इस दौरान लू चलने का भी अनुमान है। फिलहाल इस हफ्ते प्रदेश के सभी जिलों का मौसम शुष्क व साफ बना रहेगा। कहीं भी बादल बारिश की कोई संभावना नहीं है।

**21 से 24 अप्रैल तक ऐसा रहेगा प्रदेश के जिलों का मौसम**

21 अप्रैल : भोपाल, इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर में दिन का तापमान 41 डिग्री के पार। अन्य शहरों में भी गर्मी का असर तेज।

22 अप्रैल : नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा,राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सीधी में लू चलने की संभावना।

## मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारियों ने नवाचारों से बढ़ाया प्रदेश का मान

भोपाल (निप्र)। राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर मध्य प्रदेश के अधिकारियों की जनहितकारी पहलों की चर्चा करना अहम हो जाता है, जिनकी जनसेवा, नवाचार और दूरदर्शिता से प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में राज्य की सकारात्मक पहचान बनी। महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, कृषि सुधार और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इनके नवाचारों ने स्थायी बदलाव की नींव रखी। इन पहलों को जहां राज्य के भीतर सराहा गया, वहीं देश के अन्य राज्यों ने भी इन्हें अपनाकर अपने यहां लागू किया। इन अधिकारियों को राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया।

## बिहार से एलडीसी भर्ती परीक्षा देने आया मुन्नाभाई चढ़ा पुलिस के हत्थे

भोपाल(ए.)। शहर के बंगरसिया में स्थित सेंट्रल स्कूल में सीबीएसई की ओर से आयोजित एलडीसी पद पर भर्ती परीक्षा के दौरान दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने आए मुन्नाभाई को पकड़ा गया है। आरोपी सॉल्वर के फिंगरप्रिंट मिसमैच होने पर बाद कर्मचारियो ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

## पशुपालकों को उपलब्ध कराएं उन्नत नस्ल के सांड

भोपाल (आरएनएस)। विभागीय योजनाओं के माध्यम से पशुपालकों को उन्नत नस्ल के सांड उपलब्ध कराएं, जिससे गो वंश का नस्ल सुधार हो और दुग्ध का उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाई जा सके। मध्यप्रदेश विधानसभा की कृषि विकास समिति द्वारा सोमवार को पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय जर्सी पशु प्रजनन क्षेत्र भदभदा, भोपाल, के भ्रमण के दौरान विभागीय अधिकारियों को ये निर्देश दिए गए।

## सरकारी विभागो में नौकरी दिलाने का झांसा देकर कई लोगो से लाखो की ठगी

भोपाल(ए.)। श्यामला हिल्स थाना पुलिस ने आदिवासी छात्रावास समेत अन्य सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

बताया गया है की अब तक करीब दर्जन भर से अधिक फरियादी जालसाज के खिलाफ शिकायत लेकर थाने पहुंच चुके हैं।

## नरेला विधानसभा में अमृत 2.0 योजना से सीवेज नेटवर्क का होगा विस्तार

# 50 हजार से अधिक घरों को मिलेगा लाभ

## मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों के साथ की प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा



भोपाल (निप्र)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के सभी 17 वार्डों के अंतर्गत 'अमृत 2.0 योजना' के तहत प्रस्तावित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि अमृत 2.0 योजना में नरेला क्षेत्र में लगभग 268 किलोमीटर लंबी सीवेज लाइन बिछाई जाएगी, जिससे 50 हजार से अधिक घरों को सीवेज सुविधा से जोड़ा जा सकेगा।

मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि कार्य प्रारंभ करने से पहले वार्डवार सर्वे कर, प्रत्येक घर, गली और नाली की सटीक मैपिंग की जाए, जिससे कार्ययोजना वैज्ञानिक ढंग से तैयार की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि खुदाई कार्यों के दौरान नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, प्रत्येक कॉलोनी में एक बार में अधिकतम 200 मीटर क्षेत्र में ही खुदाई की जाए।

**आईटी तकनीकों का उपयोग सुनिश्चित करें**

मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि सर्वेक्षण के दौरान जीआई टैगिंग तकनीक का उपयोग किया जाए जिससे क्षेत्र का सटीक डिजिटल डेटा तैयार हो सके। उन्होंने एक विशेष मोबाइल एप्लीकेशन विकसित करने के निर्देश भी दिए, जिससे नागरिकों को कार्य की प्रगति की जानकारी सुलभ रूप से उपलब्ध हो सके और पारदर्शिता बनी रहे।

**निर्धारित समयावधि में पूरा हो कार्य**

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हर घर में चैंबर बनाया जाये. साथ ही दो वार्डों के मध्य एक पंप स्टेशन बनाया जाये।

उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं और गुणवत्ता के मानकों से किसी प्रकार का समझौता न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह योजना नरेला विधानसभा को स्वच्छ, स्वस्थ और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक सकारात्मक परिवर्तन लेकर आएगी।

# गाँव स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बने इसके लिए पंच-सरपंच बेहतर कार्य करें : मंत्री श्री पटेल

## पंच-सरपंच सम्मेलन उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न



भोपाल (निप्र)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को पंच-सरपंच उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह मौजूद थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतीराज की कल्पना भारत में ही की गई थी। इसे महात्मा गाँधी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, राम मनोहर लोहिया इन 3 भारतीय विचारकों ने भारतीय राजनीति में दिशा देने का कार्य किया। पंचायतीराज की जो सामुदायिक परिकल्पना है, वह हमारी परंपराओं और हमारे पंच परमेश्वर के दर्शन में है। हमारी पंचायत व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जो आत्मनिर्भर व स्वावलंबी हो। उन्होंने कहा कि श्री लोहिया ने कहा जाति की श्रृंखला तोड़ देनी चाहिए। समाज के हर व्यक्ति को बराबर का दर्जा होना चाहिए।

उन्होंने पंच-सरपंचों से कहा कि आप अपनी ग्राम पंचायतों के सर्वे-सर्वा हो, यह गांव आपका है। आपको अपने तरीके से सोचना होगा, आपके पास पैसे की कमी नहीं है। पैसे का उपयोग कैसे करेंगे यह आपको सोचना होगा। इससे आपका और आपकी ग्राम पंचायतों का भविष्य बेहतर होगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों को अपने संसाधनों से आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। सभी पंचायतों में सामुदायिकता का भाव होना चाहिए और पंचायतों के लिए पाँच वर्ष के लिए कौन-से कार्य करना है यह सोचना चाहिए।

## नलजल योजनाओं के निरीक्षण हेतु दल गठित

भोपाल (आरएनएस)। सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने जनपद पंचायत फंदा एवं बैरसिया अंतर्गत स्वीकृत, हस्तांतरित, ट्रायलरन, प्रगतिरत नलजल योजनाओं के निरीक्षण, जांच कराने के लिए दल गठित किए गए हैं। गठित दल में उपयंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, अनुभाग फंदा एवं बैरसिया, उपयंत्री, जनपद पंचायत फंदा एवं बैरसिया, सचिव / ग्राम रोजगार सहायक, संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्र के संबंधित जिला पंचायत सदस्य को अवगत कराते हुये निरीक्षण/जांच कार्य सम्पादित करेंगे।

## पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

भोपाल (आरएनएस)। टीला जमालपुरा पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पांच हजार रुपए का इनाम डीसीपी रियाज इकबाल ने घोषित कर रखा था। आरोपी अड़ीबाजी और मारपीट के मामले में फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर राजीवनगर टीला जमालपुरा से उसे रविवार की रात को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक छुरी मिली है।

थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि 2 जनवरी 2025 को कमल पिता रमेश (45) साल निवासी राजीव नगर ने थाना आकर बताया कि सलमान उर्फ पत्ती, आफ्ताब, मुईस द्वारा गाली देकर अड़ीबाजी की गई और मारपीट की गई है। जिसके बाद आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की गई है। घटना के दो दिन के भीतर आरोपी आफ्ताब और मुईस की गिरफ्तारी कर ली गई थी।

जबकि चार महीने से आरोपी सलमान फरार चल रहा था। जिसे मुखबिर की सूचना पर रविवार की रात को गिरफ्तार किया।

## सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारियों - कर्मचारियों ने समझे फायर सेफ्टी के उपाय

भोपाल (आरएनएस)। अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए फायर सेफ्टी सप्ताह का आयोजन जिले की समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में किया जा रहा है। सप्ताह के पहले दिन 21 अप्रैल को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल के अधिकारियों और कर्मचारियों को फायर सेफ्टी पर हैंड्सऑन ट्रेनिंग दी गई। जिसमें आग से बचाव के तरीकों, इलेक्ट्रिकल फायर सेफ्टी, आकस्मिक स्थितियों में निकासी के तरीकों पर जानकारी दी गई। 21 से 26 अप्रैल तक संचालित ये सप्ताह की थीम पर मनाया जा रहा है।

ग्रीष्मकाल में तापमान के बढ़ने तथा एयर कंडीशनर, कूलर इत्यादि उपकरणों के अधिक उपयोग के कारण विद्युत प्रणाली पर अत्यधिक भार पड़ता है। इस कारण से अग्नि दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। स्वास्थ्य संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के प्रावधानों की निगरानी के संबंध में तैयारियों को लेकर फायर सेफ्टी सप्ताह के दौरान उच्च विद्युत भार वाले चिकित्सकीय एवं अन्य उपकरणों के रखरखाव, गहन चिकित्सा इकाई, नवजात शिशु देखभाल इकाई, ऑपरेशन थिएटर आदि ऑक्सीजन समृद्ध वातावरण में अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा मानकों के पालन, फायर रिस्पांस प्लान्स की उपलब्धता, ज्वलनशील सामग्रियों का उचित संधारण एवं निपटान की परख की जा रही है। बिस्तरीय क्षमता के अनुरूप फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट, अग्नि सूचक तथा अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता के साथ-साथ उन्हें संचालित करने के लिए यूजर मैन्युअल की उपलब्धता, फायर रिस्पांस प्लान, अस्पताल कर्मचारियों एवं चिकित्सकों को अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थिति में उपकरणों के उपयोग तथा कोड रेड ऑल क्लियर के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के पालन के लिए उन्मुखीकरण किया जा रहा है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक टीएल बैठक सम्पन्न





भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा में प्राप्त विभागीय पत्रों तथा शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर सिंह ने विभागवार 50 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए उनके त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले के सभी शेष हितग्राहियों की ई-केवाईसी कार्यवाही 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूर्ण की जाए। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले सेल्समैन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने जिले के समस्त हितग्राहियों से अपील की कि वे 30 अप्रैल से पूर्व अपनी ई-केवाईसी अवश्य पूर्ण कराएं, जिससे उन्हें खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत राशन का लाभ बिना बाधा मिलता रहे।

नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समग्र ई-केवाईसी के कार्य में तेजी लाई जाए तथा निकायवार विशेष शिविर आयोजित कर शेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी, एडीएम भूपेन्द्र गोयल, प्रकाश नायक, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## महंगे शौक के लिए बने लुटेरे



भोपाल (आरएनएस)। गोविंदपुरा पुलिस ने मोबाइल झपटमार गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी कुल कीमत करीब 8 लाख रुपए आंकी गई है। सभी मोबाइल शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चोरी और झपटमारी की वारदातों में लूटे गए थे।

पकड़े गए बदमाशों ने खुलासा किया है कि वे महंगे शौक पूरे करने के लिए इस तरह की वारदातों को अंजाम देते थे। गैंग के अन्य दो सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

डीसीपी संजय अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में गोविंदपुरा क्षेत्र समेत शहर के अन्य इलाकों में मोबाइल झपटने की घटनाएं बढ़ गई थीं। इस पर पुलिस टीम लगातार सक्रिय थी। मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक बीएचईएल रेलवे पटरी के पास किसी वारदात की योजना बना रहे हैं।

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों सोहेल खान (21) पुत्र नसीम खान निवासी दुर्गा नगर, एमपी नगर और नदीम खान (19) पुत्र वाहिद खान निवासी काजीकैंप को मौके से हिरासत में लिया।

## राजा भोज विमानतल पर वार्षिक "एंटी-हाईजैक मॉक ड्रिल" का हुआ सफल आयोजन

भोपाल (निप्र)। राजा भोज विमानतल, भोपाल पर सोमवार को वार्षिक "एंटी-हाईजैक मॉक ड्रिल" का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य विमान हाईजैक जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था।

ड्रिल के दौरान एक विमान के अपहरण की प्रतीकात्मक स्थिति को निर्मित किया गया, जिसमें हाईजैक की सूचना प्राप्त होते ही त्वरित और योजनाबद्ध प्रतिक्रिया क्रियान्वित की गई।



एटीसी द्वारा विमान के हाईजैक की सूचना प्राप्त होते ही एरोड्रम कमेटी के सभी सदस्यों को तत्काल सूचित किया गया, इसके बाद सभी सदस्य भोपाल विमानतल पर तकनीकी ब्लॉक के द्वितीय तल पर स्थित एरोड्रम कमेटी कंट्रोल रूम में एकत्रित हुए। इस कमेटी की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह विभाग) द्वारा की जाती है, जो कि केन्द्रीय समिति से समन्वय करके त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करती है।

इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व आईपीएस श्रीमती कृष्णावेणी देशावतु, सचिव, गृह विभाग, की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान विभिन्न सुरक्षा और आपातकालीन एजेंसियों के मध्य बेहतर समन्वय एवं कार्रवाई की वास्तविकता को परखा गया।

ड्रिल के दौरान सभी एजेंसियों ने आपसी सहयोग एवं तत्परता का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास से यह सुनिश्चित हुआ कि भोपाल हवाई अड्डा किसी भी आपात स्थिति में सभी संबंधित विभागों के साथ तत्काल और समन्वित रूप से कार्य करने के लिए तैयार है।

## प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित हुई मध्यप्रदेश की साइबर तहसील पहल

भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के राजस्व विभाग को साइबर तहसील पहल के लिये प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया। राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल ने लोक सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्राप्त किया। राजस्व विभाग ने साइबर तहसील पहल से राज्य में भूमि नामांतरण सेवाओं को पूरी तरह से डिजिटल, प्रभावी और नागरिकों के अनुकूल बनाकर एक बड़ा बदलाव किया है। प्रधानमंत्री मोदी के सुशासन के सिद्धांत को साकार करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में इस पहल के माध्यम से अब तक 1 लाख 50 हजार से अधिक प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है। साइबर तहसील के अंतर्गत नामांतरण की प्रक्रिया संपत्ति रजिस्ट्री के समय ही स्वचालित रूप से शुरू हो जाती है, जिससे अलग से आवेदन करने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। पहले जहां इस प्रक्रिया में औसतन 70 दिन लगते थे, वहीं अब मात्र 20 दिनों में प्रकरणों का निपटारा हो रहा है। सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन होने से नागरिकों को तहसील कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। सभी सेवाएं जैसे सार्वजनिक सूचना, आपत्ति दर्ज कराना और प्रमाणित आदेश प्राप्त करना, एसएमएस, ईमेल और व्हाट्सएप के माध्यम से डिजिटल रूप से उपलब्ध होती हैं।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## वस्त्र संहिता जरूरी

महाराष्ट्र के सभी मंदिरों में दिशा-निर्देश जारी कर भक्तों से शालीन कपड़े पहनने का आग्रह किया जा रहा है। मंदिरों के न्यासियों का मानना है, धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाये रखने के लिए ड्रेस कोड यानी वस्त्र संहिता जरूरी है।पुणे के मोरगांव और थेउर, अहिल्यानगर में सिद्धटेक और पिंपरी चिंचवाड़ मोरया गोसावी और रायगढ में खार नारंगी आदि के प्रबंधकों ने श्रद्धालुओं से उचित पोशाक पहनने का अनुरोध किया है। यह स्पष्ट किया गया है कि यह अनिवार्य नहीं है, मगर शिष्टाचार बनाये रखने के लिए सम्मानजनक अपील भर है। इसी साल के शुरुआत में मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धविनायक मंदिर में भी ड्रेस कोड की घोषणा की थी। कुछ अन्य मंदिरों ने जींस, स्कर्ट, शार्ट्स, देह दर्शाना पोशाक पर सख्त पाबंदी लगाई है। यह प्रतिबंध समूचे महाराष्ट्र में लागू करने के प्रयास हैं। शनि शिगणापुर व अहिल्यानगर जिले के शिरडी में भी यह ड्रेस कोड लागू करने की अपील की गई है। कुछ साल पहले नागपुरके चार मंदिरों में ड्रेस कोड जारी किया था, जिसमें गोपालकृष्ण मंदिर, संकटमोचन पंचमुखी हनुमान, बृहस्पति मंदिर व दुर्गामाता मंदिर शामिल हैं। देशभर के विभिन्न बड़े मंदिरों में तेजी से ड्रेसकोड लागू होते जा रहे हैं। इसका बड़ा कारण यह भी है कि युवाओं में छोटे या बदन उघाड़ू कपड़े पहनने का फैशन चल पड़ा है। वास्तव में अन्य धार्मिक स्थलों मसलन गुरुद्वारों, चर्च व मजारों में इस तरह के ड्रेस कोड हमेशा से चले आ रहे हैं। कुछ धार्मिक स्थलों में सिर ढककर ही प्रवेश की आज्ञा होती है। हालांकि हिन्दू धर्म इन सब को लेकर बेहद सहिष्णु रहा है। तार्किक तौर पर तो बड़े मंदिरों में गर्भगृह में देवताओं की पूजा-अर्चना करने वाले महंत/पुरोहित/पुजारी हमेशा से केवल कमर के नीचे का भाग ढकते हैं। उनकी छाती हमेशा खुली होती है। मंदिर प्रांगण में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा में खलल न हो, न ही उनकी आस्था पर प्रहार हो; यह ख्याल रखना मंदिर प्रबंधन का जिम्मा है। जिन धर्मस्थलों में वस्त्र-संहिता नहीं लागू है, वहां भी पहनावे के प्रति श्रद्धालुओं को सतर्क रहना सीखना चाहिए। आस्थावान होने का तात्पर्य है, भक्तों का प्रयास हो कि उनके कृत्य से किसी अन्य की भावनाएं न आहत हों। न ही वे खुद अपमानित होने वाले कदम उठाएं।




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में दिल्ली सचिवालय में हीट एक्शन प्लान 2025 के शुभारंभ के दौरान एक जल कियोस्क का उद्घाटन किया।

### पृथ्वी दिवस विशेष

# हरियाली और जल संरक्षण

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस वर्ष की थीम पृथ्वी बचाओ के साथ-साथ पर्यावरण के दो मूलभूत आधार हरियाली और जल संरक्षण पर विचार करना अत्यंत आवश्यक है। ये दोनों ही तत्व न केवल मानव जीवन, बल्कि समस्त जैव विविधता के अस्तित्व की कुंजी हैं।

### हरियाली, प्रकृति का हरा सोना कही जा सकती है।

वृक्ष और वनस्पतियाँ पृथ्वी के फेफड़े हैं। समुद्र पृथ्वी के सारे अपशिष्ट नैसर्गिक रूप से साफ करने का सबसे बड़ा संयत्र कहा जा सकता है। वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ वृक्ष मिट्टी के कटाव को रोकते हैं, जलवायु को संतुलित करते हैं, और जीव-जंतुओं को आश्रय देते हैं।

भारत में वनों का क्षेत्रफल लगभग 21.71 प्रतिशत, भारतीय वन सर्वेक्षण 2021के अनुसार है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आवश्यक 33 प्रतिशत से कम है। शहरीकरण, अंधाधुंध निर्माण, और औद्योगिकीकरण के कारण हरियाली का ह्रास एक गंभीर समस्या बन चुका है।

- वनों की कटाई से मरुस्थलीकरण बढ़ रहा है।
- प्रदूषण के कारण पेड़ों का जीवनकाल घटा है।
- जैव विविधता पर संकट।

### समाधानः

- सामुदायिक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाना।
- सरकारी योजनाओं जैसे ग्रीन इंडिया मिशन को सक्रियता से लागू करना। - शहरी क्षेत्रों में छतों पर बगीचे (टेरेस गार्डनिंग) को बढ़ावा देना।




### - - - जल संरक्षणः

जल ही जीवन है, यह वाक्य भारत जैसे देश में और भी प्रासंगिक है,ह्द्धञ्जद्ध आयोग, 2018 के अनुसार 60 करोड़ लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं । नदियों का प्रदूषण, भूजल स्तर का गिरना, और वर्षा जल का अपव्यय जल संकट को गहरा कर रहे हैं।

### चुनौतियाँः

- कृषि और उद्योगों में जल की अत्यधिक खपत।
- वर्षा जल संचयन की पारंपरिक प्रणालियों (जैसे कुएँ, तालाब) का विलोपन।
- नदियों में प्लास्टिक और रासायनिक कचरे के निपटान को रोकना।

### समाधानः

- वर्षा जल संचयन (रेनवाटर हार्वेस्टिंग) को अनिवार्य बनाना।
- नदियों की सफाई के लिए नमामि गंगे जैसे अभियानों को व्यापक स्तर पर लागू करना। - किसानों को ड्रिप सिंचाई और फसल चक्र अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना।

हरियाली और जल संरक्षणः दोनों का अटूट नाता है। ये दोनों पहलू एक-दूसरे के पूरक हैं। वृक्ष भूजल स्तर बढ़ाने में मदद करते हैं, जबकि जल के बिना हरियाली संभव नहीं। हरियाली के बिना शुद्ध वातावरण संभव नहीं होता। उदाहरण के लिए, राजस्थान के तरुण भारत संघ ने जल संरक्षण और वनीकरण के माध्यम से अलवर क्षेत्र को हरा-भरा बनाने का वृहद कार्य किया है। इसी प्रकार, केरल की हरित क्रांति ने वर्षा जल प्रबंधन को प्राथमिकता देकर कृषि उत्पादन बढ़ाया।

### हम क्या कर सकते हैं?

1. व्यक्तिगत स्तर परः - घर में पौधे लगाएँ और पानी की बर्बादी रोकें। - प्लास्टिक का उपयोग कम करके मिट्टी और जल को प्रदूषण से बचाएँ। वर्षा जल संग्रह प्रारंभ करें।

2. सामुदायिक स्तर परः - गली-मोहल्ले में जागरूकता अभियान चलाएँ। - स्कूलों और कॉलेजों में इको-क्लब बनाएँ।

3. राष्ट्रीय स्तर परः - सरकार को जल शक्ति अभियान और राष्ट्रीय हरित न्यायालय के निर्देशों को कड़ाई से लागू करना चाहिए। पृथ्वी दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी सतत प्रतिबद्धता दोहराने का प्रतीक है। हरियाली और जल संरक्षण के बिना, मानवता का भविष्य अंधकारमय है। हम सब कोथिंक ग्लोबली, एक्ट लोकली के सिद्धांत पर चलते हुए, अपनी धरती को सुरक्षित रखने की शपथ लेने का समय है।

# सर्वोच्च न्यायालय वक्फ बोर्ड संशोधन कानून की सुनवाई में सतर्क, और दो अंतरिम आदेश जारी किए




**अजय दीक्षित**

सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना की अध्यक्षता वाली खंड पीठ ने नवीनतम वक्फ बोर्ड कानून के दो बिंदुओं को जस का तस रखने के आदेश जारी किए हैं जिसमें वक्फ बाय यूजर मुस्लिम धर्म की संपत्तियों को डिनोटिफाइड नहीं करने के आदेश दिए हैं जो 1991के वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के अनुसार रहेंगे।दूसरे यूडब्ल्यूएमआईआईडी यानि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2025 के अनुसार राज्य वक्फ बोर्ड या केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नियुक्ति अगली सुनवाई 05 मई तक नहीं करेगी ।यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय की ओर से भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को नोट कराए गए। याचिकाकर्ता मनोज झा, असुद्दीन उवैसी,इमरान मसूद,तथा अन्य याचिकाकर्ता सहित 77 याचिका दायर की गई है। इस मामले में उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय संसद के बनाए कानून को रोक नहीं सकती है।उल्लेखनीय है याचिकाकर्ता ने अनुच्छेद 26 धार्मिक स्वतंत्रता का हवाला देकर न्यायालय से यह मांग की है कि मुसलमानों के धार्मिक रीति रिवाज और वक्फ संपत्तियों को देख भाल करने के लिए बनी समितियों, बोर्डों, परिषद में गैर मुसलमान की नियुक्ति करना संविधान की अनुच्छेद 26 के खिलाफ है। सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता के वकील कपिल सिब्बल की जिरह सुनने के बाद आदेश जारी किया है हालांकि सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह दलील भी दी कि तब तो सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस खन्ना की खंड पीठ भी सुनवाई नहीं कर सकती। न्यायालय ने तुषार मेहता की इस दलील को नहीं माना और आदेश जारी कर दिया।यह पहला मौका नहीं जब भारत की सर्वोच्च न्यायालय यानी न्यायपालिका और व्यवस्थापिका में किसी मुद्दे को लेकर विवाद हुआ हो।इससे पूर्व 1986 में शाहबानो प्रकरण में भी न्यायपालिका के आदेश को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने संसद में बिल ला कर आदेश बदला था।2006 में लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने संसद सदस्यों की बर्खास्त करने के मामले में सर्वोच्च न्यायालय का नोटिस ही लेने से मना कर दिया था बल्कि सख्त टिप्पणी भी की थी कि संसद ही सर्वोच्च है संसद के बनाए कानून पर ही न्यायालय को चलना चाहिए।

# भारत के सांस्कृतिक धरोहर को ऐतिहासिक वैश्विक सम्मान मिलना अत्यंत गौरवपूर्ण है

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर भारतीय संस्कृति सभ्यता व कला भारत की प्रतिष्ठित धरोहर है,यह भारतीय दर्शन कलात्मक व सभ्यता के स्तंभ हैं। मेरा मानना है कि जहां भी संस्कृति सभ्यता आध्यात्मिकता व मानवीय भावों की चर्चा होगी तो भारत का नाम जरुर लिया जाएगा, क्योंकि यह सभी भारत की जड़ों में है। भारत की ऐसी धरोहरें ही भारतिय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर की समृद्धि है, जिसने भारत की वैश्विक मंचों पर अपनी प्रतिष्ठा का पताका लहराया है, जो रेखा अंकित करने वाली बात है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्यों कि भारत की ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक धरोहरों की समृद्धि ने वैश्विक मंच पर एक बार फिर अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की है। 17 अप्रैल को यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) ने अपने मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में भारत के दो महान ग्रंथों भगवद गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को शामिल कर भारत की शाश्वत परंपरा और सांस्कृतिक उत्कृष्टता को वैश्विक स्तर पर मान्यता दी है। यह केवल भारत के लिए नहीं बल्कि वैश्विक संस्कृति और पूरी मानवता के लिए गर्व का विषय है क्योंकि ये दोनों ग्रंथ न केवल भारतीय जीवन दृष्टिकोण के दर्पण हैं बल्कि विश्व सभ्यता को भी दिशा देने वाले दार्शनिक और कलात्मक प्रकाश स्तंभ भी हैं। इस मान्यता ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की आध्यात्मिक , सांस्कृतिक और कलात्मक परंपराएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रभावशाली हैं, जितनी वे सहस्रों वर्ष पूर्व थी। चूँकि भगवत गीता व नाट्यशास्त्र न केवल ग्रंथ है बल्कि मानवीय जीवन के लिए प्रेरणा स्रोत भारतीय दर्शन कलात्मक व सभ्यता के स्तंभ भी हैं तथा भारत की सांस्कृतिक धरोहर को ऐतिहासिक वैश्विक सम्मान मिलना अत्यंत गौरवपूर्ण बात है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, श्रीमद् भगवत गीता व भरत मुनि के नाट्य शास्त्र को यूनेस्को ने अपने मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड रजिस्टर में शामिल किया।

साथियों बात अगर हम यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड रजिस्टर को जानने की करें तो, यह दस्तावेजी धरोहरों का अंतर्राष्ट्रीय मंच है। यूनेस्को द्वारा मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कार्यक्रम विश्व की महत्वपूर्ण दस्तावेजी धरोहरों को संरक्षित करने, उनका डिजिटलीकरण और प्रचार- प्रसार करने और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देने के उद्देश्य से 1992 में प्रारंभ किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य ऐसे ऐतिहासिक ग्रंथों, पांडुलिपियों, अभिलेखों, चित्रों, ऑडियो-विजुअल सामग्री और अन्य दस्तावेजी धरोहरों को संरक्षण प्रदान करना और इन्हें सार्वभौमिक विरासत के रूप में स्थापित करना है, जो मानव सभ्यता की स्मृति और संस्कृति को संरक्षित करते हैं। दस्तावेजों की सुरक्षा, डिजिटलीकरण और वैश्विक प्रदर्शन इस बात को सुनिश्चित करता है कि हमारी धरोहरें समय के प्रवाह में विलुप्त न हों बल्कि युगों-युगों तक प्रासंगिक बनी रहें।




मेष राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज कुछ नया करने का दिन है। आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। आज आपका सपना साकार होने वाला है। उसे हासिल करने के लिए आत्मविश्वास और मेहनत की जरूरत है। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता संबंधी परीक्षा में बेहतर परिणाम मिलेंगे। अधिकतर काम व्यवस्थित रूप से संपन्न होते जाएंगे। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको आउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। आज अपनी बोलचाल का लहजा नर्म रखें। गलत शब्दों के प्रयोग से रिश्ते खराब हो सकते हैं। किसी प्रकार की दुविधा की स्थिति में अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके लिए उचित रहेगी। आपको काम में ज्यादा तरक्की मिलेगी।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। आज अपने व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करें। आपको अच्छे ऑर्डर और नए अनुबंध मिल सकते हैं। आपकी मेहनत से काम समय पर पूरे हो जाएंगे और साथ ही कर्मचारियों का भी काम पर पूरा समर्पण रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को बदलाव संबंधी मौके मिल सकते हैं।

कर्क राशिः आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते किसी काम में समस्या आ सकती है। आज का दिन परिवारजनों के साथ बहुत ही सुकून भरा बीतेगा। आपकी सकारात्मक और संतुलित सोच आपको योजनाबद्ध तरीके से कार्य संपन्न करने में मदद करेगी। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका उचित योगदान बना रहेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जो छात्र बारहवीं के बाद कॉलेज में एडमिशन लेने की सोच रहे हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपका उलझा हुआ काम बन सकता है, इसलिए पूरा ध्यान उस पर केंद्रित रखें। आज का दिन अपने सपने और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुत ही अनुकूल है। दोस्तों के साथ घूमने संबंधी प्रोग्राम बनाएंगे।

कन्या राशिः आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप आपके कार्य जरूर सफल रहेंगे। कन्या के लिए आपको सुयोग्य वर मिल सकता है। अनुभवी लोगों का सानिध्य करने का मौका मिलेगा जिससे दिन बहुत ही बढ़िया रहेगा। आप कुछ नया करने की सोचेंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होंगे। आज ध्यान रखें कि किसी भी निर्णय को लेने में बहुत अधिक समय लगाने से कई उचित मौके हाथ से निकल भी सकते हैं।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक फल मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। किसी के साथ साझेदारी के लिए दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी काम के लिए आप खुद से जिम्मेदारी ले सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। लोहे का व्यापार कर रहे लोगों का व्यापार अच्छा चलेगा।

धनु राशिः आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज कार्यस्थल में आपकी निगरानी बहुत जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही से महत्वपूर्ण ऑर्डर हाथ से निकल भी सकते हैं। बेहतर होगा अपनी नीतियों में कुछ बदलाव लाएं। सहयोगियों तथा कर्मचारियों की गतिविधियों को नजरअंदाज न करें। अनुभवी लोगों के साथ संपर्क में रहने से आपके लिए फायदेमंद स्थितियां बनेंगी।

मकर राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी समस्या हल होने वाली है। सकारात्मक नजरिया रखने से भी परिस्थितियां अपने आप ही सामान्य हो जाएंगी। आपकी संतान का ध्यान भी अपनी पढ़ाई की तरफ लगा रहेगा। तथा किसी विषय को लेकर चल रही समस्या भी दूर होगी। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

कुंभ राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यावसायिक मामलों में बहुत ही धैर्य और संयम रखने की जरूरत है। मीडिया तथा मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय में उचित उपलब्धियां बन रही हैं। हालांकि अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम हासिल नहीं होंगे। किसी की मदद से बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। परिवार में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी।

मीन राशिः आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज कार्यस्थल पर बिजनेस में बहुत व्यस्तता और मेहनत रहेगी। बिजनेस में बड़ी डील होने की संभावना है। पब्लिक डीलिंग में भी फायदेमंद स्थितियां रहेंगी। आज परिवार जनों के बीच उचित सामंजस्य रहेगा। साझेदारी संबंधी बिजनेस में साझेदार के साथ चल रही गतिविधियों को शांति से सुलझाएं।

# रोजगार की तलाश में युवा देश की जनसंख्या।

### युवा नियोजन योजना की जरूरत।

संजीव ठाकुर,

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगाद्य निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस तरह विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव किस तरह बढ़ाते हैंद्य भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है,उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है।भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए द्य अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 141करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145( अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 60त्न से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से



लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन %परिवार नियोजन मानव का अधिकार% रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था। सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है। जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजना कानों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा ,परंपरागत स्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।



# 'हिंदुओं के जान की कीमत पर चल रही ममता बनर्जी सरकार', विहिप ने प. बंगाल में किया राष्ट्रपति शासन की मांग



नई दिल्ली (ए.)। मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर हुई हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने आज सोमवार को देश की राजधानी दिल्ली में जोरदार प्रदर्शन किया। विहिप नेताओं-प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार केवल अपनी सरकार चलाने के लिए हिंदुओं की जान के साथ खिलवाड़ कर रही हैं, वे अपनी सरकार बचाने के लिए अराजक तत्वों को छूट दे रही हैं जिसकी कीमत मुर्शिदाबाद, मालदा में हिंदुओं को चुकानी पड़ रही है। दिल्ली के जिलों में जिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए विहिप नेताओं ने प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।

विहिप के दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने अमर उजाला से कहा कि ममता बनर्जी सरकार पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की रक्षा करने में बुरी तरह असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वयं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पीड़ितों से मिलने की बजाय उस वर्ग के लोगों से मुलाकात कर रही हैं जो हिंदुओं पर हमले कर रहे हैं। इससे साफ होता है कि उन्हें केवल वोटों की चिंता है, उनके लिए हिंदुओं की जान की कोई कीमत नहीं है।

उन्होंने कहा कि ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है और उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। यदि ममता बनर्जी सत्ता नहीं छोड़तीं तो केंद्र सरकार को अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की सुरक्षा के लिए संवेदनशील इलाकों में केंद्रीय सशस्त्र बलों की नियुक्ति की जानी चाहिए और जिनके घर-दुकानों को जलाया गया है, उन्हें पूरा मुआवजा देना चाहिए।

## टीएमसी की बढ़ी टेंशन : 10 सांसदों को कोर्ट का नोटिस, चुनाव आयोग के गेट बाहर किया था प्रदर्शन; तोड़ी थी धारा 144



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 2024 में निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद चुनाव आयोग के सामने विरोध प्रदर्शन करने के लिए टीएमसी नेताओं डेरेक ओ ब्रायन, सागरिका घोष और साकेत गोखले को सोमवार को तलब किया। पुलिस ने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष 8 अप्रैल को आरोपियों ने भारतीय चुनाव आयोग के मुख्य द्वार के बाहर एकत्र हुए और बिना किसी अपेक्षित अनुमति के तथा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू होने के बावजूद हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। दिल्ली पुलिस ने आगे आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्तियों ने धारा 144 की चेतावनी के बावजूद विरोध प्रदर्शन जारी रखा, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने कहा कि सभी आरोपियों को 30 अप्रैल, 2025 को आईओ के माध्यम से तलब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरोप पत्र के साथ शिकायत का भी अध्ययन किया है। ऐसे में वह धारा 188 (लोक सेवक द्वारा दिए गए आदेश की अवज्ञा) 145 (अवैध सभा) और 34 (सामान्य इरादा) आईपीसी के तहत दंडनीय अपराधों का संज्ञान लेती है।



पीएम मोदी से मिले जेडी वेंस, व्यापार एजेंडे पर हुआ मंथन।

# पश्चिम बंगालः हावड़ा की रासायनिक फैक्ट्री में भीषण आग, आरएएफ को बुलाया गया

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल के हावड़ा के पास डोमजुड़ में स्थित एक रासायनिक फैक्ट्री में सोमवार को भीषण आग लग गई है। काले धुएं ने पूरे इलाके को ढक लिया है। प्रारंभ में दमकल की 15 गाड़ियां आग बुझाने की कोशिश कर रही थीं। लेकिन ताजा जानकारी के अनुसार, दमकल विभाग ने आग बुझाने का काम बंद कर दिया है।

आग की तीव्रता इतनी ज़्यादा है कि सिर्फ पानी की बौछार से उसे बुझा पाना संभव नहीं है। चूंकि यह एक रासायनिक फैक्ट्री है, इसलिए आग के तेज़ी से फैलने की आशंका बनी हुई है। फिलहाल इलाके में रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को तैनात किया गया है।

## जालंधर में तेज रफ्तार कार ने 3 साल के बच्चे को कुचला, मौके पर मौत; बच्चे का मुंडन करवाने जा रहा था परिवार

जालंधर (आरएनएस)। जालंधर के किशनपुरा चौक के पास सोमवार सुबह एक सफेद रंग की तेज रफ्तार गाड़ी ने 3 साल के बच्चे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान त्रिपुर (3) के रूप में हुई है।

परिवार के सदस्यों के अनुसार, आज बच्चे का मुंडन था और वे धार्मिक स्थल पर जाने के लिए घर से बाहर खड़े थे। तभी एक तेज रफ्तार कार आई, जो पहले एक कुत्ते को कुचलते हुए गुज़री। परिवार का ध्यान कुत्ते की ओर गया, और तभी उन्होंने देखा कि वही कार चालक उनके बच्चे को भी कुचल चुका था। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के सदस्य सोमनाथ ने बताया कि वह बच्चों के साथ खेल रहे थे, तभी एक सफेद रंग की तेज रफ्तार गाड़ी आई। उन्होंने गाड़ी को रुकने का इशारा किया, लेकिन गाड़ी चालक ने रुकने के बजाय और तेज़ रफ्तार से भागना शुरू कर दिया। इसी दौरान बच्चा कार के टायर के नीचे आ गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि गाड़ी का नंबर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस को इस हादसे की सूचना दे दी गई है और परिवार ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की अपील की है।

# आतंकी तहव्वुर राणा को सता रही परिवार की याद, परिजनों से बात करने के लिए दायर की अर्जी

नई दिल्ली (ए.)। मुंबई हमलों का मास्टमाइंड आतंकी तहव्वुर राणा को अपने परिवार की याद सता रही है। तहव्वुर राणा अपने परिवार के लोगों से बात करना चाहता है। इसकी इजाजत के लिए उसने एक अर्जी दायर की है। हाल ही में उसे अमेरिका से प्रत्यर्पित करके भारत लाया गया था। दिल्ली के एक जज ने राणा की याचिका पर नोटिस जारी कर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जवाब मांगा है

**परिजनों से बात करना चाहता है राणा**

आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा ने अदालत से अपने परिजनों से बात करने की अनुमति मांगी है। राणा ने 19 अप्रैल को अपने वकील के माध्यम से विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर की अदालत में यह याचिका दायर की थी।




न्यायाधीश ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को 23 अप्रैल तक इस पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

64 वर्षीय पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को अदालत ने 18 दिन की हिरासत में भेज दिया था। एनआईए ने अदालत को बताया कि आपराधिक साजिश के तहत आरोपी डेविड कोलमैन हेडली ने भारत यात्रा से पहले पूरे ऑपरेशन की योजना राणा से साझा की थी।

अमित शाह को मारने की साजिशः वारिस पंजाब दे ग्रुप में चैट... रवनीत बिट्टू भी निशाने पर, वीडियो से खुला राज

**हेडली के संपर्क मे था राणा**

एनआईए के अनुसार संभावित चुनौतियों को देखते हुए हेडली ने राणा को एक ईमेल भेजा, जिसमें उसने अपनी संपत्तियों और अन्य चीजों का ब्यौरा दिया था। हेडली ने राणा को पाकिस्तानी नागरिक इलियास कश्मीरी और अब्दुर रहमान की इस साजिश में संलिप्तता की जानकारी भी दी थी, जो इस मामले में सह-आरोपी हैं।

## करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या, सिर पर लगी थी गोली; हाथ में थी पिस्तौल

जमशेदपुर (आरएनएस)। झारखंड के जमशेदपुर में एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। बीते दिन रविवार शाम को करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव बालीगुमा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-33 के पास से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, विनय सिंह रविवार सुबह से ही लापता थे और परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर तलाश शुरू की और बालीगुमा क्षेत्र में एक खेत के पास से उनका शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विनय सिंह के सिर पर गोली का निशान था और उनके बाएं हाथ में एक पिस्तौल भी मिली है। मौके से उनकी स्कूटी और मोबाइल भी बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में हत्या के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। पुलिस इसे आत्महत्या या सुनियोजित हत्या दोनों दृष्टिकोण से देख रही है। जमशेदपुर पुलिस ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने 46 वर्षीय विनय सिंह पर उस समय गोलीबारी की जब वे कुछ अन्य लोगों के साथ घर लौट रहे थे। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए।

## 'NCW ने मालदा और मुर्शिदाबाद में महिलाओं से कोरे कागज पर कराए हस्ताक्षर', टीएमसी नेताओं का आरोप




नई दिल्ली(ए.)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं ने सोमवार को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) पर निशाना साधा और इसे भाजपा की महिला शाखा करार दिया। आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर के हिंसा प्रभावित इलाकों में पहुंचने के बाद टीएमसी नेता ने आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाया। पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ पार्टी ने आरोप लगाया कि एनसीडब्ल्यू 'संदेशखाली स्क्रिप्ट'(यानी पहले की तरह एक साजिश) को दोहरा रही है और महिलाओं से कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं, ताकि झूठे आरोप गढ़े जा सकें। एनसीडब्ल्यू की ओर इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

टीएमसी की राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, एनसीडब्ल्यू को आखिरी बार संदेशखाली में देखा गया था, जहां उसने महिलाओं से झूठे दुष्कर्म के आरोपों के लिए कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराए थे। अब ये लोग मालदा और मुर्शिदाबाद पहुंच गए हैं। क्या अब और भी कोरे कागज आने वाले हैं? उन्होंने आगे लिखा, एनसीडब्ल्यू की ससदस्य अर्चना मजूमदार ने 2021 में भाजपा की ओर से विधानसभा चुनाव लड़ा था और हार गई थीं। क्या हमें भाजपा की महिला शाखा, क्षमा करें, एनसीडब्ल्यू से निष्पक्ष रिपोर्ट की उम्मीद करनी चाहिए?

टीएमसी की लोकसभा सांसद डोला सेन ने भी इसी तरह का बयान दिया। उन्होंने कहा, जब एनसीडब्ल्यू ने पिछली बार बंगाल का दौरा किया था, तो उसने भाजपा के कहने पर संदेशखाली की महिलाओं को दुष्कर्म के झूठे आरोपों के लिए कोरे कागजो पर हस्ताक्षर करने को मजबूर किया। अब ये मालदा और मुर्शिदाबाद की ओर बढ़ गए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए लिखा, कलम तैयार है। आदेश आ चुका है। श्वेतपत्र 2.0 तैयार किया जा रहा है। भाजपा-आरएसएस ने मसौदा बनाया है। महिलाओं से कोरे कागजों पर हस्ताक्षर क्यों करवाए जा रहे हैं? हमें इसका जवाब चाहिए। रहाटकर सहित एनसीडब्ल्यू की एक टीम वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा से प्रभावित इलाकों मालदा और मुर्शिदाबाद का तीन दिवसीय दौरा कर रही हैं। रहाटकर ने कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार को तत्काल कदम उठाना चाहिए, ताकि दंगा प्रभावित लोगों की तकलीफों को दूर किया जा सके। उन्होंने बताया कि एनसीडब्ल्यू की ओर से एक रिपोर्ट केंद्र सरकार को दी जाएगी और उसकी प्रतियां राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को भी भेजी जाएंगी।

# हाईकोर्ट ने सरोगेसी की मांग कर रही तलाकशुदा महिला की याचिका की खारिज, सुप्रीम कोर्ट जाने को कहा



मुंबई(ए.)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को एक तलाकशुदा महिला की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने संतान प्राप्ति के लिए सरोगेसी की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने कहा कि ऐसा करने से व्यापक असर पड़ सकता है और इससे सरोगेसी का व्यवसायीकरण हो सकता है।

जस्टिस जी.एस. कुलकर्णी और जस्टिस अद्वैत सेठना की बेंच ने कहा, केवल महिला के अधिकारों पर विचार करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चे के अधिकारों को भी ध्यान में रखना जरूरी है। महिला ने याचिका में कहा था कि उसने मेडिकल कारणो से अपने अपना गर्भाशय हटवाया है और वह दोबारा विवाह नहीं करना चाहती। उसके दो बच्चे हैं, जो उनके पूर्व पति की हिरासत (कस्टडी) में हैं।

महिला ने राष्ट्रीय और राज्य सहायक प्रजनन तकनीकी और सरोगेसी बोर्ड से सरोगेसी के लिए चिकित्सा (मेडिकल) प्रमाणपत्र प्राप्त करने और प्रक्रिया की अनुमति देने की मांग की थी।

हालांकि, कोर्ट ने कहा कि यह मामला व्यापक मुद्दों से जुड़ा है और महिला को सुप्रीम कोर्ट से मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि यह मामला केवल महिला के अधिकारों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे सरोगेसी के व्यावसायीकरण और बच्चे के अधिकारों पर भी प्रभाव पड़ता है। इसलिए महिला को सुप्रीम कोर्ट से मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहिए।

## भ्रष्टाचार मामलाः SC ने यदियुरप्पा की याचिका से जुड़े कानूनी सवालों को बड़ी पीठ के पास भेजा, फैसला रोका



नई दिर्ल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भाजपा नेता बी.एस.येदियुरप्पा की याचिका से पैदा हुए कानूनी मुद्दों को बड़ी पीठ के पास भेज दिया। इनमें एक सवाल यह भी शामिल है कि मजिस्ट्रेट कोर्ट के जांच के आदेश के बाद भ्रष्टाचारा निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा के लिए पूर्व मंजूरी जरूरी होती है या नहीं।

**क्या हुआ शीर्ष कोर्ट में ?**

जस्टिस जे.बी.पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ जब येदियुरप्पा की याचिका पर फैसला सुनाने की तैयारी कर रही थी, तभी उन्हें पता चला कि ऐसा ही एक मुद्दा पहले ही सुप्रीम कोर्ट की एक अन्य पीठ द्वारा बड़ी पीठ को भेजा जा चुका है। इसलिए,उन्होंने फैसला सुनाने से खुद को रोक लिया, ताकि न्यायिक मर्यादा बनी रहे।



कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल ओडिशा दौरे पर रवाना होने से पहले रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए.

## घर से भागकर प्रेमी जोड़े ने रचाई शादी, 10 महीने बाद दोनों ने दी जान; निर्माणाधीन अस्पताल भवन में मिले शव

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के प्रेमनगर थाना क्षेत्र के धूलकोट इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां ग्राफिक एरा अस्पताल के निर्माणाधीन भवन में काम करने वाले एक इलेक्ट्रिशियन और उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव मजदूर आवास में पाइप के सहारे फंदे से लटके मिले। प्रारंभिक तौर पर उनके बीच शनिवार रात हुए विवाद को आत्महत्या का कारण बताया जा रहा है। पुलिस को यह जानकारी रविवार सुबह करीब सवा नौ बजे कंट्रोल रूम के जरिए मिली। सूचना मिलते ही प्रेमनगर थानाध्यक्ष मोहन सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान भास्कर लाल (28 वर्ष), पुत्र बाबूराम चंद्राकर, निवासी ग्राम कुआं, तहसील सहसपुर लोहारा, थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ और उनकी पत्नी जनिक गौड़ (26 वर्ष) के रूप में हुई। दोनों के शव मजदूर आवास की छत में लगे पाइप से लटके हुए थे।

# 'नागरिक देवो भवः', प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौकरशाहों को दिया सुशासन का मंत्र



नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सिविल सेवकों से कहा कि वे आम नागरिकों, खासकर वंचित वर्ग के लोगों की समस्याओं का समाधान करते समय 'नागरिक देवो भव:' के सिद्धांत को अपनाएं। उन्होंने विकास को समावेशी बनाने के लिए अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाने पर भी जोर दिया।

**'खुद को विकसित भारत के निर्माता के रूप में देखें'**

17वें सिविल सेवा दिवस पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सिविल सेवकों को खुद को केवल प्रशासक नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माता के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है, इसलिए सभी को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

**'संवेदनशील बनें, गरीबों की आवाज सुनें'**

प्रधानमंत्री ने बताया कि बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है और यह प्रयास गरीबी मुक्त भारत की दिशा में जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के इस दौर में प्रशासन का उद्देश्य सिस्टम को चलाना नहीं, बल्कि संभावनाओं को बढ़ाना होना चाहिए। पीएम मोदी ने अफसरों से अपील की कि वे संवेदनशील बनें, गरीबों की आवाज़ सुनें और उनके संघर्षों को समझें।

# एक्शन, कॉमेडी, रोमांस के साथ रेट्रो का ट्रेलर आउट, 80 के दशक के लुक में छाए सूर्या, दुश्मन से दो-दो हाथ करते दिखे अभिनेता

साउथ सुपरस्टार सूर्या-पूजा हेगड़े की आगामी तमिल रोमांटिक एक्शन फिल्म रेट्रो सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. मेकर्स ने फिल्म का ऑफिशियल ट्रेलर जारी किया है, जो काफी दमदार है. ट्रेलर ने फिल्म को लेकर फैंस की उत्साह बढ़ा दी है.

रेट्रो सूर्या और फिल्म मेकर कार्तिक सुब्बाराज के बीच पहला कोलैबोरेशन है. इस प्रोजेक्ट का अनाउंसमेंट पिछले साल मार्च में किया गया था, जिसका वर्किंग टाइटल सूर्या 44 था, साथ ही टैगलाइन थी लव, लाफ्टर, वॉर. लेकिन दिसंबर 2024 में मेकर्स ने फिल्म का फाइनल टाइटल का खुलासा किया है और नाम दिया रेट्रो.

फिल्म के अनाउंसमेंट के एक साल बाद मेकर्स ने रेट्रो का धांसू ट्रेलर जारी किया है. इसे तीन भाषाओं, तमिल, तेलुगु और हिंदी में जारी किया गया है. फिल्म मेकर कार्तिक सुब्बाराज ने अपने ऑफिशियल एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर तीनों भाषाओं में फिल्म का ट्रेलर जारी किया है.

ट्रेलर की शुरुआत में हम देखते हैं कि एक आदमी हिरण बिरयानी के बारे में बात करता है, फिर उसके बाद कई किरदारों के बीच इंटरकट होता है. इस बीच सभी एक्टर को बहुत ही अनोखे तरीके से दिखाया गया है. वहीं, दूसरी ओर, सूर्या को अपनी पत्नी से अपने हिंसक तरीकों को छोड़ने का वादा करते हुए देखा जाता है. ट्रेलर को कई पार्ट में दिखाया गया, जिसमें सस्पेंस छुपा हुआ है. इसमें रोमांस, एक्शन और कॉमेडी का मिक्स्चर देखा जा सकता है.

रेट्रो में सूर्या ने पारीवेल कन्नन का किरदार निभाया है,





जबकि पूजा हेगड़े रुक्मिणी पारीवेल की भूमिका में हैं. ट्रेलर में उनके रिश्ते की झलक दिखाई गई है, जिसमें हल्के-फुल्के रोमांटिक पलों के साथ-साथ कॉमेडी और जबरदस्त एक्शन सीन भी दिखाए गए हैं. बेबी आवनी रुक्मिणी का बचपन का किरदार निभा रही हैं.

फिल्म में जोजू जॉर्ज, जयराम, करुणाकरण, नासर जैसे कलाकार भी शामिल हैं. वहीं, श्रेया सरन फिल्म में एक स्पेशल सॉन्ग में नजर आएंगी. चूंकि अब ट्रेलर ऑफिशियल रिलीज हो चुका है, इसलिए लोग इस बात को लेकर उत्सुक है कि रेट्रो बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करेगी और दर्शक रोमांस, ड्रामा और एक्शन से भरे इस पावरपैक फिल्म को किस तरह से पसंद करेंगे. फिलहाल यह फिल्म 1 मई को तमिल, तेलुगु और हिंदी में दुनिया भर में रिलीज होने के लिए तैयार है.

# बोल्ड अवतार में पूल किनारे दिखीं भोजपुरी स्टार मोनालिसा, तस्वीरें देख फैंस हुए दीवाने



भोजपुरी इंडस्ट्री की ग्लैमरस और चर्चित एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने हॉट लुक को लेकर सुर्खियों में हैं. उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह पूल किनारे स्टाइलिश बिकिनी आउटफिट में नजर आ रही हैं. सिर पर हैट और चेहरे पर कॉन्फिडेंस, इस अंदाज में मोनालिसा ने अपने फैंस का दिल जीत लिया है. पूल के किनारे जीवन अच्छा है कैप्शन के साथ शेयर की गई इन तस्वीरों में मोनालिसा का अंदाज और आत्मविश्वास काबिल-ए-तारीफ है. फोटो में उन्होंने एंजलट्ठक्रोशेट स्विमवियर का आउटफिट पहना है. उनकी इस तस्वीर पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं और कमेंट सेक्शन में फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं.

एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने भी कमेंट करते हुए लिखा ङ्क हे भगवान वहीं कई फैंस ने उन्हें गॉर्जियस, हॉट, क्वीन जैसे शब्दों से नवाजा. मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी लाइफस्टाइल से जुड़ी झलकियां फैंस के साथ साझा करती हैं. उनका यह पूलसाइड लुक भी लोगों को खूब भा रहा है और यह तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं.

भोजपुरी फिल्मों से लेकर टीवी रियलिटी शोज़ तक, मोनालिसा की फैन फॉलोइंग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है. उनके हर लुक और पोस्ट को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिलता है.

# हजारों ख्वाहिशें ऐसी के 20 साल पूरे, चित्रांगदा सिंह ने बताया, कैसी थी शूटिंग के वक्त हालत

सुधीर मिश्रा की फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी के रिलीज होने के 20 साल पूरे हो गए। अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि इस फिल्म ने उन्हें सिनेमा की दुनिया से परिचित कराया था।

सेट पर अपने पहले दिन को याद करते हुए, चित्रांगदा ने एक दिल छू लेने वाला वाकया शेयर किया।

उन्होंने कहा, पहली बार मैंने एक सही मूवी कैमरा देखा था, वो भी शूटिंग के अपने पहले दिन। यह वह सीन था, जहां केके का किरदार गेस्ट हाउस में गीता से मिलने आता है। यह एक भावनात्मक क्षण था, जिसे लेकर मैं घबराई हुई थी। मैं उस एहसास को कभी नहीं भूल सकती। मुझे लगता है कि मैंने दो या तीन टेक में शॉट ओके कर दिया। सुधीर मिश्रा ने बस इतना ही कहा, चित्रांगदा, फिल्मों में आपका स्वागत है। मुझे आज भी वह दिन बहुत स्पष्ट रूप से याद है।

सुधीर मिश्रा के निर्देशन में बनी, हजारों ख्वाहिशें ऐसी एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिसे इसकी कहानी और मजबूत अभिनय के लिए सराहा गया। गीता के रूप में चित्रांगदा के चित्रण ने एक स्थायी छाप छोड़ी और दो दशक बाद भी इसकी सफलता का जश्न मनाया गया।

भारतीय इमरजेंसी की पृष्ठभूमि पर आधारित, हजारों ख्वाहिशें ऐसी 1970 के दशक के तीन युवाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जब भारत बड़े पैमाने पर सामाजिक और राजनीतिक बदलावों से गुजर रहा था। फिल्म का टाइटल उर्दू शायर मिर्जा गालिब के शेर से लिया गया है।

चित्रांगदा अपनी पहली फिल्म में केके मेनन और शाइनी आहूजा के साथ नजर आई थीं।

हाल ही में, चित्रांगदा को नेटफ्लिक्स सीरीज खाकी: द बंगाल चैप्टर में देखा गया था, जिसमें वह निबेदिता बसाक की भूमिका निभा रही हैं।

इसके बाद, वह अक्षय कुमार के साथ बहुप्रतीक्षित सीक्वल हाउसफुल 5 में नजर आएंगी।



इसमें चित्रांगदा के साथ रितेश देशमुख, संजय दत्त, फरदीन खान, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा, सौंदर्या शर्मा और चंकी पांडे जैसे एक्टर्स मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# एक्शन के साथ फैमिली एंगल, सामने आई जाट 2 की कहानी, सनी देओल की दिखेगी इमोशनल स्टोरी




सनी देओल ने अपनी टॉलीवुड डेब्यू फिल्म जाट से बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है. नॉर्थ के बाद अब पूरा साउथ उनके ढाई के किलो के हाथ की पावर देख रहा है. जाट एक मास एक्शन फिल्म है, जिसमें सनी का साउथ सिनेमा के एक्शन वाला स्वैग देखने को मिल रहा है. बीती 10 अप्रैल को रिलीज हुई फिल्म जाट ने 11 करोड़ रुपये से भी ज्यादा से ओपनिंग की थी. वहीं, फिल्म अपने दो हफ्ते पूरे करने जा रही हैं. इससे पहले फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा होने के दौरान इसके सीक्वल जाट 2 का एलान कर दिया गया था. अब सनी के फैंस को जाट 2 का इंतजार है. इस बीच फिल्म के डायरेक्टर गोपिचंद मलिनेनी ने जाट 2 की कहानी से पर्दा हटाया है. जाट में फिलहाल सनी देओल को एक्शन करते और विलेन रणदीप हुड्डा संग दो-दो हाथ करते देखा जा रहा है. अब कहा जा रहा है कि गोपिचंद मलिनेनी की जाट 2 में एक्शन के साथ-साथ फैमिली एंगल को भी जोड़ा जाएगा, जिसमें जाट सनी का फैमिली बैकग्राउंड और उनके बीच इमोशंस को देखा जाएगा, जो दर्शकों को और भी आकर्षित करेगी. डायरेक्टर ने यह भी बताया कि जब वह जाट पर काम कर रहे थे, तो उनके दिमाग में कुछ चल रहा था और जिसे उन्होंने लिखकर रख लिया है. डायरेक्टर ने यह भी कहा कि यह तय है कि जाट से बड़ी जाट 2 होगी.

बता दें, जाट 2 में सनी देओल के साथ कौन-कौन स्टार नजर आने वाला है, इसे लेकर भी दर्शकों में बेचैनी हो रही है. फिलहाल जाट के कलेक्शन की बात करें तो इसने पहले हफ्ते 84.76 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन (वर्ल्डवाइड) कर लिया है. सैकनिल्क के अनुसार, जाट ने 9वें दिन 4 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है और फिल्म का कुल घरेलू कलेक्शन 65.87 करोड़ रुपये हो चुका है.

# काजोल की नई फिल्म मां का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठ गया पर्दा



काजोल की आगामी फिल्म 'मां' का पहला पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने इसके रिलीज की घोषणा कर दी है। 'शैतान' के बाद देवगन फिल्म्स एक और पौराणिक हॉरर फिल्म लेकर आ रही है। सामने आए पोस्टर में अभिनेत्री का शक्तिशाली रूप देखने को मिल रहा है।

काजोल इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगी। विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित और साईविन क्वाड्रास द्वारा लिखित, 'मां' अच्छाई और बुराई के बीच लड़ाई पर आधारित है। फिल्म रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी का दावा करती है। अभिनेत्री के अलावा फिल्म में रोनित रॉय, इंद्रनील सेनगुप्ता और खेरिन शर्मा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

सामने आए पोस्टर में अभिनेत्री एक छोटी बच्ची को अपने सीने से लगाए नजर आ रही हैं। दोनों का लुक काफी उग्र लग रहा है। पोस्टर में देखा जा सकता है कि दोनों घायल हैं। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, नर्क यहीं है... देवी भी यहीं हैं! काजोल की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'मां' 27 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु और बंगाली सहित कई भाषाओं में रिलीज की जाएगी। जियो स्टूडियोज और देवगन फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत, मां का निर्माण अजय देवगन और ज्योति देशपांडे ने किया है, जबकि कुमार मंगत पाठक इसके सह-निर्माता हैं।

# निर्णय लेने में होती है कठिनाई ? इसके लिए अपनाएं ये 5 तरीके, जल्द होगा फायदा

निर्णय लेने की क्षमता हर व्यक्ति के लिए बहुत जरूरी होती है। कभी-कभी हम छोटे-छोटे फैसले भी लेने में देर कर देते हैं, जिससे हमारा समय बर्बाद होता है और तनाव बढ़ता है।

इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी निर्णय लेने की क्षमता को बेहतर बना सकते हैं और समय की बचत कर सकते हैं।

सही तरीके से निर्णय लेने से आप अपने जीवन को अधिक व्यवस्थित और संतुलित बना सकते हैं।

**प्राथमिकताएं तय करें**

निर्णय लेने से पहले यह जानना जरूरी है कि कौन-सा काम सबसे ज्यादा अहम है। इससे आपको पता चलेगा कि किस काम को पहले करना चाहिए और किसे बाद में टाल सकते हैं।

इससे आपका समय भी बचेगा और आप बिना किसी तनाव के अपने काम कर पाएंगे।

प्राथमिकताएं तय करने से आप अपने दिनचर्या को बेहतर बना सकते हैं और अनावश्यक तनाव से बच सकते हैं। सही प्राथमिकता तय करने से आप अधिक उत्पादक बन सकते हैं।

**जानकारी इकट्ठा करें**

निर्णय लेने से पहले जरूरी है कि आप उस विषय पर पूरी जानकारी इकट्ठा कर लें। इससे आपको सही विकल्प चुनने में मदद मिलेगी और गलत फैसले लेने की संभावना कम होगी।

इंटरनेट, किताबें या विशेषज्ञों से सलाह लेकर आप सही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जानकारी इकट्ठा करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप अधिक सोच-समझकर निर्णय ले पाएंगे। सही जानकारी के साथ लिया गया निर्णय अधिक प्रभावी और संतुलित होगा।

**छोटे-छोटे विकल्प आजमाएं**

अगर आपको किसी बड़े फैसले को लेकर उलझन हो रही हो तो छोटे-छोटे विकल्प आजमाकर देख सकते हैं। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि सही विकल्प कौन-सा हो सकता है।



उदाहरण के लिए अगर आपको यह तय करना हो कि कौन-सा कपड़ा पहनना चाहिए तो पहले दोनों विकल्पों को अलग-अलग समय पर पहनकर देखें कि कौन सा अधिक आरामदायक है। इससे आप बिना किसी दबाव के सही निर्णय ले पाएंगे और समय की बचत होगी।

**दूसरों की राय लें**

कभी-कभी हम खुद से ज्यादा दूसरों की राय पर भरोसा करते हैं। इसलिए जब भी कोई अहम फैसला लेना हो तो दोस्तों या परिवार वालों से सलाह लें।

उनके अनुभव और सुझाव आपके लिए मददगार साबित हो सकते हैं। इससे आपको अलग नजरिए से सोचने का मौका मिलेगा और आपका निर्णय अधिक संतुलित होगा।

सही सलाह और समर्थन से आप अपने फैसलों में अधिक आत्मविश्वास महसूस करेंगे और गलत निर्णय लेने की संभावना कम होगी।

**समय सीमा निर्धारित करें**

निर्णय लेने के लिए एक निश्चित समय सीमा तय करें ताकि आप बेवजह देर न करें।

उदाहरण के लिए अगर आपको यह तय करना हो कि कौन-सा खाना बनाना है तो खुद से कहें कि मुझे 10 मिनट के अंदर यह फैसला करना है। इससे आप जल्दी और सही निर्णय ले पाएंगे।

इस तरह आप अपनी रोजमर्रा की चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर सकते हैं और अधिक उत्पादक बन सकते हैं।

# झुर्रियां मिटाने के लिए महिलाएं करवा रही हैं लेजर स्किन टाइटनिंग, क्या यह वाकई है असरदार ?



30 की उम्र तक आते-आते चेहरे पर झुर्रियां, झाइयां और महीन रेखाएं दिखने लग जाती हैं। ये बढ़ती उम्र के लक्षण होते हैं, जो महिलाओं के आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकते हैं।

इनसे निपटने के लिए एक खास उपचार करवाया जाता है, जिसे लेजर स्किन टाइटनिंग कहते हैं। इस उपचार की मदद से चेहरे, गर्दन और पेट आदि की ढीली त्वचा में कसाव आ जाता है।

आइए त्वचा की देखभाल के इस उपचार के बारे में जानते हैं।

**पहले जानिए क्या होती है लेजर स्किन टाइटनिंग**

लेजर स्किन टाइटनिंग बिना सर्जेरी वाला एक कॉस्मेटिक उपचार है, जो शरीर के प्राकृतिक कोजन उत्पादन को बढ़ता है।

इससे ढीली और लटकने वाली त्वचा कस जाती है और बुढ़ापे के लक्षण कम हो जाते हैं। इस उपचार में त्वचा की परतों को धीरे-धीरे गर्म करने के लिए लेजर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है।

गर्मी त्वचा की मरम्मत प्रक्रिया को सक्रिय करती है और कोलेजन को बढ़ाती है, जिसकी मदद से त्वचा कसी हुई दिखाई देती है।

**लेजर स्किन टाइटनिंग करवाने की प्रक्रिया**

लेजर स्किन टाइटनिंग की प्रक्रिया त्वचा की जांच से शुरू होती है। इस दौरान त्वचा विशेषज्ञ मरीज की जरूरतों को सुनते और समझते हैं।

इसके बाद त्वचा को साफ किया जाता है और आखों पर सुरक्षा वाला चश्मा लगाया जाता है। हाथ में पकड़े जाने वाले लेजर उपकरण को त्वचा पर धीरे-धीरे घुमाया जाता है।

इस दौरान इन्फ्रारेड लाइट लेजर का इस्तेमाल किया जाता है। लेजर त्वचा की गहरी परतों में प्रवेश करके त्वचा के ऊतकों को कस देती है।

**लेजर स्किन टाइटनिंग करवाने के फायदे**

लेजर स्किन टाइटनिंग के कई लाभ होते हैं। यह उपचार मुख्य रूप से त्वचा को फिर से जवान दिखाने और उसकी बनावट में सुधार करने में मदद करता है।

# BCCI ने किया वार्षिक अनुबंध का ऐलान, 34 खिलाड़ियों को मिली जगह; अय्यर और किशन की वापसी



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024-25 के लिए भारतीय पुरुष सीनियर टीम के खिलाड़ियों के सालाना अनुबंध का ऐलान किया है। खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर ए+, ए, बी और सी ग्रेड में बांटा गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा सबसे ऊंचे ए+ ग्रेड में हैं।श्रेयस अय्यर और ईशान किशन, जिन्हें 2023-24 में खराब प्रदर्शन और टीम में जगह न मिलने के कारण अनुबंध नहीं मिला था, उन्होंने 2024-25 की लिस्ट में वापसी की है। अय्यर ग्रेड बी में हैं और किशन ग्रेड सी में हैं। हाल ही में जिन खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में जोड़ा गया है, वे सभी 'सी' ग्रेड में हैं। इनमें नीतीश कुमार रेड्डी, ध्रुव जुरेल, अभिषेक शर्मा, सरफराज खान, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा शामिल हैं।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायर हुए रविचंद्रन अश्विन की जगह अब ऋषभ पंत को 'ए' कैटेगरी के कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया है। इस कैटेगरी के बाकी पांच खिलाड़ी वही हैं जो पहले थे। पिछली बार पंत 'बी' कैटेगरी की लिस्ट में थे।कुल मिलाकर 34 खिलाड़ियों को 2024-25 सीजन के लिए सालाना कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है, जिसमें 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 तक के प्रदर्शन को ध्यान में रखा गया है।बीसीसीआई के शीर्ष ग्रेड अनुबंध में मैच फीस और इंसेंटिव के अलावा सालाना 7 करोड़ रुपये दिए जाते हैं। सबसे ऊपरी ग्रेड, यानी ग्रेड में मौजूद रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा भारतीय क्रिकेट के मजबूत स्तंभ हैं। ग्रेड ए प्लस में चार खिलाड़ी- रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा ग्रेड ए में छह खिलाड़ी शामिल हैं- मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी और ऋषभ पंत। ग्रेड बी में पांच खिलाड़ी हैं। सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर।ग्रेड सी में शामिल 19 खिलाड़ी- रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, नीतीश रेड्डी, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, आकाश दीप और हर्षित राणा।

## एमआई से करारी हार के बाद धोनी ने आईपीएल रिटायरमेंट को लेकर दिया हिंट

### अपने बयान से सभी को चौंकाया




मुंबई (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 38वें मैच में मुंबई इंडियंस ने चिर-प्रतिद्वंद्वी चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर जीत की हैट्रिक लगाई. इस जीत के साथ एमआई ने 8 मैचों में 4 जीत और 4 हार के साथ प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर छलांग लगाई. वहीं, सीएसके सिर्फ 2 मैचों में जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे है. मुंबई से हार के बाद चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कुछ चौंकाने वाली बातें कहीं, जिसने सभी को चौंका दिया.

मैच के बाद सीएसके के कप्तान एमएस धोनी ने कहा, %हमें यह समझने की जरूरत है कि हम सिर्फ इसलिए सफल हैं क्योंकि हम अच्छा क्रिकेट खेलते हैं. हमें ज्यादा भावुक नहीं होना चाहिए. हमें एक बार में एक मैच खेलना होगा और अगर हम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाते हैं, तो हमें अगले सीजन के लिए अपनी रणनीति के बारे में सोचना होगा%. आगामी सीजन के बारे में बात करते हुए धोनी ने संकेत दिया है कि वह आईपीएल 2026 में भी खेल सकते हैं. इसका मतलब यह है कि उन्होंने अभी तक संन्यास का कोई संकेत नहीं दिया है, जो उनके फैंस के लिए खुशी की बात है.

मैच के बाद धोनी ने कहा कि हमने औसत से थोड़ा कम स्कोर बनाया. मुंबई ने डेथ ओवरों में गेंदबाजी जल्दी शुरू की. हमें शुरू में ही स्लॉग शॉट खेलना चाहिए था. उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और हम कभी भी लड़ने लायक स्कोर नहीं बना सके. यदि आप पहले 6 ओवरों में अधिक रन बनाते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि गेंद बल्ले पर ठीक से आ रही है. इस हार के कारण सीएसके की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना काफी कम हो गई है.

मैच की बात करें तो, चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस हार पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में (176/5) का स्कोर बनाया. सीएसके के टॉप ऑर्डर ने एक बार फिर निराश किया. हालांकि, रविंद्र जडेजा (53) और शिवम दूबे (50) के शानदार अर्धशतकों की मदद से सीएसके ने 176 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया.

177 रन के लक्ष्य का पीछे करते हुए मुंबई इंडियंस ने 15.4 ओवर में धमाकेदार जीत हासिल की. स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 45 गेंद में 6 छक्के और 4 चौकों की मदद से 76 रनों की नाबाद पारी खेली. सूर्यकुमार यादव भी 30 गेंद में ताबड़तोड़ 68 रन बनाकर नाबाद लौटे.

## लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारियों में लगी है भारतीय महिला हॉकी टीम



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभी से तैयारियों में लगी है। हॉकी इंडिया ने टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ड्रैग फ्लिक ताइके ताइकेमा से भी करार किया है। इसी के तहत ताइकेमा टीम की इस कमजोरी को भी कम करने में लगे हैं। ताइकेमा ने भुवनेश्वर में प्रो लीग से पहले सात दिवसीय शिविर में भी भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था।

भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं। वह तकनीक को निखारने और ड्रैग फ्लिक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीम के साथ काम कर रहे हैं।'' हरेंद्र ने कहा, ''ड्रैग फ्लिक करना एक विशिष्ट कौशल है और ताइकेमा भविष्य के शिविर में भी हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे।'' हरेंद्र ने कहा कि दीपिका सहित इससे हमारी टीम की सभी खिलाड़ियों के कोशल में सुधार आया है।इस 45 साल के पूर्व खिलाड़ी को अपने खेल के दिनों में पेनल्टी-कार्नर की सटीकता के लिए जाना जाता था। ताइकेमा ने 11 वर्षों के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में नीदरलैंड की पुरुष टीम के लिए 94 मैचों में 170 गोल किए।

## सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी कैपिटल्स

लखनऊ (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी हालांकि सुपर जाइंट्स को उसके घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। दोनो ही टीमों के 10-10 अंक हैं पर बेहतर औसत के कारण दिल्ली दूसरे और सुपर जाइंट्स पांचवे स्थान पर है। ऐसे में इस मैच में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। दोनो ही टीमों के कप्तान इस मैच से अपनी लय हासिल करने उतरेंगे। सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत का बल्ला खामोश है जो लखनऊ के लिए परेशानी का कारण है। उन्होंने अभी तक 8 मैच में केवल 106 रन बनाए हैं जिसमें 63 रन की एक पारी भी शामिल है। उनका स्ट्राइक रेट 98 है जो चिंता का विषय है। वहीं दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल भी अभी तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 159 के स्ट्राइक रेट से 140 रन बनाए हैं लेकिन उनकी गेंदबाजी प्रभावहीन रही है।

## मोहम्मद शमी के बाद अब इस भारतीय क्रिकेटर की बढ़ी मुश्किलें, पत्नी ने लगाए दहेज प्रताड़ना और अवैध संबंधों के आरोप

कानपुर (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी के बाद एक और भारतीय क्रिकेटर अमित मिश्रा एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। उनकी पत्नी गरिमा मिश्रा ने उन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। गरिमा का आरोप है कि अमित मिश्रा और उनके परिवार वाले दहेज में अतिरिक्त रकम और कार की मांग को लेकर उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अमित के अन्य महिलाओं से अवैध संबंध हैं और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई।गरिमा मिश्रा ने बताया कि उनकी शादी 26 अप्रैल 2021 को हुई थी। शादी के बाद दहेज में होंडा सिटी कार और 10 लाख रुपये की मांग को लेकर उन्हें तंग किया गया। वे पति के साथ कानपुर के किदवई नगर स्थित आरबीआई कॉलोनी में रहने लगीं, लेकिन वहां भी ससुराल पक्ष का हस्तक्षेप बना रहा। गरिमा का कहना है कि अमित मिश्रा कई बार उनके साथ मारपीट कर चुके हैं और कई बार उन्हें भूखा भी रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमित उनके सामने ही दूसरी महिलाओं से अश्लील बातें करते थे। विरोध करने पर दिसंबर 2024 में उन्हें घर से निकाल दिया गया, तब से वह अपने पिता के घर रह रही हैं। वहीं, अमित मिश्रा ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने दावा किया कि गरिमा खुद उन्हें प्रताड़ित कर रही हैं और पूर्व में बैंक कार्यालय के बाहर उनके साथ मारपीट भी कर चुकी हैं। पुलिस आयुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। बता दें कि अमित मिश्रा भारत के अनुभवी लेग स्पिन गेंदबाज हैं। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 150 से अधिक विकेट लिए हैं।



# विदेश समाचार

## स्वीकार नहीं करेंगे, देंगे कड़ा जवाब'ज्चीन की अमेरिका से व्यापार समझौता करने वाले देशों को सख्त चेतावनी



बीजिंग (आरएनएस)। अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध (टैरिफ वॉर) गहराता जा रहा है। इसी कड़ी में चीन ने अब अन्य देशों को कड़ी चेतावनी दी है। चीन ने साफ कहा है कि अगर कोई भी देश अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता करता है जो चीन के हितों के खिलाफ हो, तो उसे बीजिंग स्वीकार नहीं करेगा और इसके खिलाफ कड़े जवाबी कदम उठाए जाएंगे।

चीन की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब खबरें हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन दुनिया के कई देशों पर इस बात का दबाव बना रहा है कि यदि वे अमेरिका से टैरिफ में छूट चाहते हैं, तो उन्हें चीन के साथ अपने व्यापार को सीमित करना होगा।

गौरतलब है कि राष्टपति ट्रंप ने दुनिया भर के उत्पादों पर 10त्न तक का सामान्य टैरिफ लगाया है, लेकिन चीन से आने वाले सामानों के लिए यह दर बढ़ाकर 245त्न तक कर दी गई है। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिका से आयात होने वाले उत्पादों पर 125त्न तक का शुल्क लगा रखा है। अमेरिका की इस व्यापार नीति से वैश्विक व्यापार संकट में घिर गया है और मंदी की आशंका भी बढ़ गई है।

चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा, कोई भी देश अगर चीन के हितों की अनदेखी करके अमेरिका के साथ कोई बड़ा सौदा करता है, तो ऐसा रवैया अंतत: दोनों पक्षों के लिए हानिकारक ही साबित होगा।

बयान में बीजिंग ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह अपने व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ थोप रहा है और 'बदले की कार्रवाई वाले शुल्क' पर बातचीत के नाम पर उन्हें धमका रहा है। मंत्रालय ने दो टूक शब्दों में कहा कि चीन अपने वैध अधिकारों की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है और इस 'लड़ाई' को आखिर तक लड़ेगा।

हालांकि, अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर बातचीत चल रही है। उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा, हां, हम चीन से बात कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम चीन के साथ एक बहुत अच्छा समझौता करने वाले हैं।

## अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ फिर उबाल, सभी 50 राज्यों में प्रदर्शन; व्हाइट हाउस और टेस्ला शोरूमों का घेराव

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ जनता का गुस्सा एक बार फिर सड़कों पर फूट पड़ा। शनिवार को देशभर के सभी 50 राज्यों में हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन को '50501 आंदोलन' नाम दिया गया है, जिसका मतलब है—50 राज्य, 50 प्रदर्शन, 1 आंदोलन।




प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प की टैरिफ वॉर नीति, अप्रवासी विरोधी रुख और सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध करते हुए राजधानी वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस और देशभर में टेस्ला शोरूमों का घेराव किया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि ट्रम्प नागरिक अधिकारों और कानून के शासन को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं।प्रदर्शनों का यह दूसरा बड़ा दौर है। इससे पहले 5 अप्रैल को भी देशव्यापी विरोध हुआ था। इस बार प्रदर्शनकारियों का गुस्सा कारोबारी इलॉन मस्क पर भी फूटा, जिनकी दक्षता टीम सरकारी विभागों में भारी छंटनी कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक हजारों सरकारी कर्मचारी अपनी नौकरियों से हाथ धो चुके हैं।डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ वॉर पॉलिसी के चलते अमेरिका में आयातित वस्तुएं महंगी हो गई हैं। इससे आम उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा असर पड़ा है। लोग इन नीतियों को 'जनविरोधी' बता रहे हैं।इस बीच गैलप एजेंसी के ताजा सर्वे के अनुसार, ट्रम्प के मौजूदा कार्यकाल के शुरुआती तीन महीनों में सिर्फ 45त्न अमेरिकी वोटर्स उनके काम से संतुष्ट हैं।

## भाई की सगाई के लिए समय पर नहीं सिले कपड़े, शख्स ने दर्जी को कोर्ट में घसीटा

इस्लामाबाद (आरएनएस)। कराची में एक शख्स ने अपने दर्जी के खिलाफ अदालत का रुख किया है। दर्जी पर आरोप है कि उसने पारिवारिक समारोह के लिए दिए गए ऑर्डर को समय पर पूरा नहीं किया। शिकायतकर्ता ने मुआवजे की मांग की है। 'द न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार, मामला एक उपभोक्ता संरक्षण अदालत दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने अपने भाई की सगाई के लिए फैंसी पोशाक सिलने के लिए दर्जी को कपड़ा दिया था। दर्जी ने कई बार कपड़े तैयार करने का वादा किया और वह खुद भी बार-बार दुकान पर गया लेकिन उसका काम नहीं किया गया।

कराची निवासी, [जिसका नाम नहीं बताया गया], ने 1,00,000 रुपए का हर्जाना मांगा है, जिसमें अधूरे वादे के लिए 50,000 रुपए और काम पूरा न होने के कारण हुई मानसिक पीड़ा के लिए अतिरिक्त 50,000 रुपए का मुआवजा शामिल है। उसका यह भी कहना है कि दर्जी के काम न करने के वजह से उसे समारोह के लिए वैकल्पिक पोशाक खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ा।

मामले के विवरण के अनुसार, शिकायतकर्ता ने दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 में तीन अलग-अलग मौकों पर बलूची कढ़ाई के काम के लिए दर्जी को कपड़ा दिया और अग्रिम भुगतान भी किया। दर्जी ने वादा किया कि सिले हुए कपड़े 20 फरवरी से पहले ही पहुंचा दिए जाएंगे ङ्क जिस दिन उस व्यक्ति के भाई की सगाई होनी थी।

हालांकि, कई बार दुकान पर जाने के बावजूद शिकायतकर्ता को ऑर्डर समय पर नहीं मिल सका। जब वह 10 फरवरी को कपड़े लेने गया तो दर्जी ने कहा कि काम नहीं हो सकता और उसने मजदूरों की अनुपलब्धता का हवाला दिया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि काम ठीक से हो रहा है, शिकायतकर्ता दर्जी के पास रोजाना जाने लगा लेकिन उसे एहसास हुआ कि कपड़े अभी भी अछूते हैं, नतीजतन उसे पारिवारिक समारोह के लिए नया कपड़ा खरीदने पर अधिक पैसे खर्च करने पड़े।

## पाकिस्तान में हिंदू मंत्री पर हमला, पीएम शहबाज शरीफ ने दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

इस्लामाबाद ,(आरएनएस)। पाकिस्तान में हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा हमेशा से एक संवेदनशील विषय रहा है। इस बीच, एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने एक बार फिर इस मुद्दे को हवा दी है। सिंध प्रांत में नई नहरों की योजना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों ने देश के धार्मिक मामलों के राज्य मंत्री खेल दास कोहिस्तानी पर हमला कर दिया। खेल दास कोहिस्तानी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (PML-N) के सांसद भी हैं।यह घटना शनिवार को तब हुई जब सांसद खेल दास कोहिस्तानी थट्टा जिले से गुजर रहे थे। इस दौरान, नई नहरों की योजना का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने उनके काफिले को रोक लिया और उस पर टमाटर और आलू फेंके। प्रदर्शनकारी पाकिस्तान सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे थे। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में राज्य मंत्री कोहिस्तानी को कोई शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचा है।घटना की सूचना मिलते ही पाकिस्तान सरकार हरकत में आ गई। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना के बाद खेल दास कोहिस्तानी को फोन किया और उन्हें इस घटना की गहन जांच का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने इस हमले को अस्वीकार्य बताया और कहा कि घटना में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी।सांसद खेल दास कोहिस्तानी पर हुए इस हमले की पाकिस्तान के कई प्रमुख नेताओं ने निंदा की है। सूचना मंत्री अत्ता तरार ने सिंध के पुलिस महानिरीक्षक (IGP) गुलाम नबी मेमन से घटना का विस्तृत ब्योरा मांगा है, और संघीय आंतरिक सचिव से भी रिपोर्ट तलब की है। सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने भी इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा है कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है।

## यमन की राजधानी पर अमेरिकी हवाई हमलों में 12 लोग मारे गए, 30 घायल : हूती

सना (आरएनएस)। यमन की राजधानी सना के एक बाजार पर अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में 30 लोग घायल भी हुए हैं। हूती के नियंत्रण वाले अल-मसीरा टीवी के मुताबिक, हवाई हमलों में सना के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक शु'उब के पास स्थित फरवाह बाजार को निशाना बनाया गया। वहां अभी भी राहत और बचाव कार्य जारी है। टीमें मलबे के नीचे दबे लोगों और घायलों को तलाश रही हैं।समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने हूती मीडिया के हवाले से बताया कि ये हमले रविवार को सना और उसके आस-पास के कई इलाकों पर हुए बड़े अमेरिकी हवाई हमलों का हिस्सा थे। स्थानीय हूती स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला उस घातक अमेरिकी हवाई हमले के कुछ दिन बाद हुआ है, जो गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के रास ईसा ईंधन बंदरगाह पर हुआ था। उस हमले में 80 लोग मारे गए थे, 170 लोग घायल हुए थे और ईंधन स्टोर करने वाली जगहों को भारी नुकसान पहुंचा था, जिससे ईंधन लाल सागर में फैल गया।हूती समूह और अमेरिकी सेना के बीच तनाव तब से बढ़ गया है, जब 15 मार्च को अमेरिका ने यमन में हूती ठिकानों पर दोबारा हवाई हमले शुरू किए। ये हमले इसलिए किए गए, ताकि हूती लड़ाकों को लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी जहाजों पर हमले करने से रोका जा सके।

## सर्वे ने चौंकाया: कनाडा में टूडो की पार्टी को मिल सकती है जीत, ट्रंप फैक्टर ने बदली हवा



ओटावा(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति के तुगलकी फरमानों ने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। यहां तक की चुनाव में भी इसका असर दिखाई देने लगा है। कनाडा में 28 मई को होने वाले आम चुनाव से पहले एक नया राजनीतिक समीकरण बनता दिखाई दे रहा है। ताजा सर्वेक्षणों के मुताबिक, जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी को कंजरवेटिव पार्टी पर बढ़त मिलती दिख रही है। लिबरल पार्टी की तरफ से इस बार पूर्व बैंकर और निवर्तमान प्रधानमंत्री मार्क कार्नी नेतृत्व कर रहे हैं। सर्वेक्षणों से पता चला है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों और नीतियों ने इस बार चुनाव को पूरी तरह से नया मोड़ दे दिया है। बता दें कि कनाडा के चुनाव में इस बार ट्रंप सबसे बड़ा और अहम मुद्दा हैं। जानकार मानते हैं कि इस मुद्दे पर कार्नी और लिबरल पार्टी सत्ता में वापसी कर सकती है। मार्क कार्नी अपने चुनावी अभियानों में कह रहे हैं- कौन डोनाल्ड ट्रंप का सबसे अच्छा विरोधी बन सकता है?

डोनाल्ड ट्रंप के ट्रेड वॉर और कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने जैसे बयानों ने न सिर्फ राजनैतिक हलकों में हलचल मचा दी है, बल्कि कनाडा के आम मतदाता को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है।जनवरी में जब जस्टिन ट्रूडो ने इस्तीफे की घोषणा की थी, तब लिबरल पार्टी 24 अंकों से पीछे चल रही थी। लेकिन अब सीबीसी पोल एग्रीगेटर के अनुसार, लिबरल पार्टी को 43.3 प्रतिशत और कंजरवेटिव पार्टी को 38.4 प्रतिशत मतदान मिल सकता है।

## अस्पताल पर इसराइल के नवीन हमले से, ग़ाज़ा की स्वास्थ्य व्यवस्था और भी पंगु

इसराइल (आरएनएस)। इसराइल ने, ग़ाज़ा के दक्षिणी हिस्से में मंगलवार को फिर एक और हमला किया है जिसने, पहले से ही सीमित आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और भी तहस-नहस कर दिया है. संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्तेफ़ान दुजैरिक ने न्यूयॉर्क में एक प्रैस वार्ता में बताया कि ग़ाज़ा के स्वास्थ्य मंत्रालय और अन्य स्वास्थ्य एजेंसियों के अनुसार, ख़ान यूनिस स्थित कुवैती मैदानी अस्पताल पर हुए इसराइली हमले में, कई स्टाफ़ कर्मचारी घायल हुए हैं, जिनमें दो नर्सें भी हैं.इससे पहले रविवार को अल-अहली अरब अस्पताल पर भी इसराइली हमले हुए थे. यह अस्पताल ग़ाज़ा के उत्तरी क्षेत्र में इसराइली हमलों के पीड़ितों के इलाज के लिए एक प्रमुख केन्द्र था.यूएन प्रवक्ता स्तेफ़ान दुजैरिक ने कहा, अस्पतालों पर हुए ताज़ा हमलों ने, ग़ाज़ा की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक पंगु बना दिया है.उन्होंने कहा, इस समय अस्पतालों में बहुत कम बिस्तर उपलब्ध हैं और मरीज़ों को शिविरों में रखा जा रहा है.उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ग़ाज़ा के 36 में से केवल 21 अस्पताल ही आंशिक रूप से काम कर रहे हैं, और लगभग सभी अस्पताल युद्ध के दौरान क्षतिग्रस्त हुए हैं.

# आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी जल संरक्षण के प्रति जागरुकता

>>> अभियान के तहत जनभागीदारी से आष्टा कचरायुक्त पार्वती घाट हुआ स्वच्छ और सुंदर

>>> अभियान के तहत अनेक जल संरक्षण गतिविधियां की जा रही हैं आयोजित



सीहोर (निप्र)। इस बात में कोई संदेह नही है कि जल गंगा संवर्धन अभियान से उपज रही जल संरक्षण के प्रति जागरूकता भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। लगातार घट रहे भूजल स्तर को रोकने, जल स्त्रोतों का संरक्षण करने और प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए जागरूक करने के लिए प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में जल गंगा संर्वधन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन जिले में इस अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

सीहोर जिले के कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन के कुशल नेतृत्व में जिले के सभी विभाग जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए आयोजित गतिविधियों में आमजनों की अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। जिले के आष्टा स्थित पार्वती घाट पर ऐसा ही एक दृश्य देखने को मिला। कुछ समय पहले तक जहां पार्वती नदी के इस घाट पर प्लास्टिक की थैलियों एवं कूड़ा करकट का अंबार लगा रहता था, वहीं जन अभियान परिषद के सदस्यों, ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने आमजनों तथा स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर इस घाट को बिल्कुल स्वच्छ बना दिया है। इस स्वच्छता कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियो एवं नागरिकों ने इतने उत्साह के साथ कचरा हटाने का कार्य किया की कुछ ही देर में नदी का यह घाट साफ-सुथरा और स्वच्छ हो गया।

# सड़क दुर्घटना के प्रकरणों में 30 दिवसों के भीतर करें कार्यवाही : कलेक्टर

## कलेक्टर ने की जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संचालित गतिविधियों की समीक्षा




सीहोर (निप्र) । कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा वाले विभागीय पत्रों और शासकीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण और त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में अपनी उच्च रैंक बनाए रखें। कलेक्टर बालागुरू के ने बैठक में निर्देश दिए कि नेशनल हाईवे तथा रेलवे सहित विभिन्न परियोजना के भू-अर्जन और मुआवजा वितरण का कार्य तेजी से करें, ताकि परियोजनाओं का काम जल्द शुरू किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने वनग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वनाधिकार पट्टे धारकों के फौती नामांतरण की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर बालागुरू के ने निर्देश दिए जिन गौशालाओं में अतिक्रमण है उनके अतिक्रमण हटाए जाएं। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने सभी सीएमओ तथा जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के जल्द से जल्द शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी विभाग अपनी संपत्तियों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि समग्र पोर्टल पर सभी नागरिकों की ईकेवाईसी का कार्य जल्द से जल्द से पूरा किया जाए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम जमील खान, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। जिले के सभी जनपद स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। कलेक्टर बालागुरू के. ने हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 में अज्ञात वाहनों के सड़क दुर्घटना के प्रकरणों में 30 दिवस की अवधि में कार्यवाही करने के पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि पीड़ित या मृतक के वैध परिजनों को मुआवजा राशि प्रदान कर राहत दी जा सके।

# हीटवेव के प्रकोप से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

सीहोर (निप्र)। जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण अधिकांश भागों में लू (तापघात) हीटवेव की की स्थिति निर्मित हो सकती है। जिले में संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिए जिला स्तर पर जन समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव तथा निर्देश जारी किये गये है। इस संबध में सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं को निर्देश दिए हैं। हीटवेव के दौरान बेहोशी, कमजोरी, चक्कर आना, मतली और उल्टी आना, पसीना आना और बहुत ज्यादा प्यास लगना, मांसपेशियों में ऐंठन होना, शरीर का तापमान 40.5C (105 F) या उससे अधिक हो जाना आदि लक्षण एवं बीमारियां हो सकते हैं। ऐसा होने पर तुरंत उपचार ले तथा जिला चिकित्सालय में चिकित्सकीय परामर्श अवश्यक लें।

# जिला चिकित्सालय सीहोर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर डब्ल्यू.एच.ओ, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्य शासन से सख्त कार्रवाई की मांग

## मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक सहित जिला कलेक्टर को लिखा पत्र



सीहोर (निप्र)। जिला चिकित्सालय, सीहोर में वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था, प्रशासनिक लापरवाही और संवेदनहीनता के विरुद्ध अब आमजन की आवाज मुखर होती जा रही है। समाजसेवी उमेश ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO), केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय दिव्यांग आयुक्त, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक एवं जिला कलेक्टर को संबोधित एक विस्तृत शिकायत पत्र के माध्यम से अस्पताल की जमीनी हकीकत सामने रखी है और सख्त कार्रवाई की मांग की है। समाजसेवी उमेश ने बताया कि वे कई वर्षों से जिला चिकित्सालय में व्याप्त अनियमितताओं की ओर विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते आ रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। हाल ही की कुछ घटनाओं ने अस्पताल की स्थिति को और गंभीर बना दिया है, जिससे अब हस्तक्षेप आवश्यक हो गया है।

# शालाओं में 22 अप्रैल को होगा पृथ्वी दिवस का आयोजन

## विद्यार्थी निर्मित करेंगे वनस्पतियों की जानकारी के क्यूआर कोड

सीहोर (निप्र)। सभी शालाओं में 22 अप्रैल 2025 मंगलवार के दिन पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन के संचालन के लिए संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने समस्त जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा ''इको क्लब फॉर मिशन लाइफ'' कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए विद्यालयों में इको क्लब का गठन भी किया गया है। विद्यालयों में गठित इको क्लब से "फ्लोरा (वनस्पति) के लिए क्यूआर कोड" नामक एक शैक्षिक पहल की शुरूआत की गई है। इसका प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल का विकास करना, क्यूआर कोड निर्माण और डिजिटल जानकारी प्रदान करना है। पृथ्वी दिवस के आयोजन में विद्यालय द्वारा ''इको क्लब फॉर मिशन लाईफ'' पोर्टल पर पंजीयन किया जायेगा। विद्यालय के इको क्लब प्रभारी द्वारा विद्यार्थियो के समूह बनाएँ जाकर स्कूल परिसर एवं आस-पास के बाग बगीचों इत्यादि में उपलब्ध पेड़-पौधों का सर्वेक्षण कर सूची तैयार की जायेगी। विद्यार्थी सूची अनुसार पेड़-पौधों से संबंधित जानकारी एकत्रित कर डिजिटल डेटाबेस भी तैयार करेंगे।

# अग्रवाल समाज ने वैवाहिक परिचय सम्मेलन में अग्र प्रतिभाऐं हुई सम्मानित

*इस तरह के परिचय सम्मेलन से धन और समय दोनों की बचत होती है- मंत्री श्री विश्वास सारंग*

*अग्रवाल समाज ने वैवाहिक परिचय सम्मेलन में दहेजरहित विवाह की ली शपथ*




सीहोर (निप्र)। अग्रवाल समाज की अग्रसोच सोशल फाउंडेशन संस्था द्वारा अग्रवाल वैवाहिक युवक ,युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया । इस सम्मेलन का शुभारं विश्वास कैलाश सारंग खेल युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी ,अग्रसोच सोशल फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, अग्रवाल महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डी.पी. गोयल, मुख्य संरक्षक सुनील गर्ग, मुख्य सलाहकार मुकेश गोयल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोविंद गोयल, वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, श्रीमती रश्मि अग्रवाल, श्रीमती मंजू गुप्ता, श्रीमती ऋचा गोयल, श्रीमती ज्योति बंसल, राहुल अग्रवाल, नितिन गुप्ता ने अग्रकुल प्रवर्तक श्री महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि आज के समय में की मांग हे इस तरह के परिचय सम्मेलन की जिससे धन और समय दोनों की बचत होती है।

अग्रसोच सौशल फाउण्डेशन द्वारा आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री सारंग ने उपस्थित समाजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अग्रवाल समाज सहित सभी समाज एक होकर हिंदू समाज को संगठित कर देश की सेवा में आगे आए ,विधायक श्री सबनानी ने कहा कि अग्रवाल समाज सदैव ही सेवा भावी रहा है और और परिचय सम्मेलन में महिलाओं की अधिक संख्या देख कहा कि महिला सशक्तिकरण और हमारा देश आगे बढ़ रहा हे। कार्यक्रम के संयोजक आशीष गुप्ता ने समस्त अतिथियों का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया एंव स्मृति चिन्ह भेट किये।इस अवसर पर अग्रसोच जीवन साथी परिचय पुस्तिका का मंच से अतिथियों ने विमोचन किया। तथा अग्रवाल महासभा के पूर्व अध्यक्ष श्री डी पी गोयल का अग्र भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

## 440 से अधिक विवाह

योग्य युवक युवतीयो के बायोडाटा आए जिसमें से दो सो से अधिक बेटे-बेटियों ने अपना बेहिचक मंच से अपना परिचय दिया । सम्मेलन में मंच से युवतीयों ने कहा कि मुझे ओर मेरे माता पिता का ख्याल रखे और जो नशे से दूर हो ऐसा वर मिले।वहीं युवकों ने बताया कि मेरे संयुक्त परिवार का ध्यान रखे बहु मिले।पांच ऐसे लोग भी इस सम्मेलन में आए जिनकी शादी के मात्र दस दिन हुए ओर बहु घर से इस बात पर चली गई कि मुझे जॉब करना है जबकि शादी से पहले यह बात नहीं हुई थी घर गृहस्थी देखना हे।

# भारतीय पत्रकार संघ एआईजे की प्रदेश कार्य समिति की बैठक

बदनावर (निप्र)। भारत देश में 11 वर्षों से पत्रकार जगत के हितार्थ कार्य कर रहे भारतीय पत्रकार संघ एआईजे की मध्य प्रदेश कार्य समिति की बैठक का आयोजन रविवार को होटल करिश्मा पैलेस बदनावर जिला धार में संपन्न हुआ।वृहद बैठक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन, राष्ट्रीय महासचिव मनोहर मंडलोई, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दयाल गोहिया, यूथ विंग के राष्ट्रीय संयोजक संदीप जैन, मध्यप्रदेश के धर्मेंद्र अग्निहोत्री के नेतृत्व में संपन्न हुई।बैठक में कुछ निष्क्रिय जिला इकाइयों को भंग कर नए जिला अध्यक्ष मनोनीत किए गए। नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी में अनेक पदाधिकारियों को भी मनोनीत किया।इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विक्रम सेन ने कहा कि भारतीय पत्रकार संघ आज शिक्षा स्वास्थ्य और पत्रकार जगत के हितार्थ में कार्य कर रहा है। भारतीय पत्रकार संघ एक परिवार की तरह लगातार 11 वर्ष से निस्वार्थ और पवित्र भाव से देश भर के 550 से अधिक जिलों में निशुल्क सदस्यता के साथ विभिन्न सेवा प्रकल्प चला रहा है। एआईजे परिवार में ग्रामीण स्तर से लेकर महानगर स्तर के सभी साथियों का हार्दिक सम्मान किया जाता है। इसी कड़ी में 500 से अधिक सम्मान समारोह आयोजित कर चुके हैं।भारतीय पत्रकार संघ हमेशा से अपने एआईजे साथियों के सुख-दुख में सदैव साथ खड़ा रहता आया है।

# डॉ.अम्बेडकर महिला पोलोटेक्निक कालेज शिक्षिका पूजा जरोलिया बिना सूचना के मुख्यालय से गायब

## अजा छात्राओं का भविष्य अंधकार में दलित चिंतक नरेन्द्र खंगराले ने मंत्रीयों सहित कलेक्टर से की शिकायत



सीहोर(निप्र)। भोपाल नाका स्थित अजा के लिये डॉ.अम्बेडकर योजनान्तर्गत संचालित महिला पोलोटेक्निक कॉलेज की शिक्षक एंव वार्डन श्रीमती पूजा जरोलिया बिना सूचना के मुख्यालय से गायब रहती है। इस कारण शिक्षा की अव्यवस्थाओं के चलते अजा की 150 छात्राओं का भविष्य अंधकार में हैं। जबकि शासन द्वारा वायोमेट्रिक थम मशीन 1 जनवरी 2025 से लगाई जा चुकी है। समस्त कर्मचारी ड्यूटी पर आने से पूर्व थम मशीन का इस्तेमाल करते हैं। किंतु कर्मचारी इसका पालन नही कर रहे हैं। बिना थम मशीन चैक किये वेतन निकाला जा रहा है। नियमानुसार छुट्टी का प्राचार्य को आवेदन दिया जाता है, ताकि नम्बर 2 पर उपस्थित कर्मचारी ड्यूटी को सम्भाल सके। किन्तु दलित छात्राओं का अध्यनरत केन्द्र होने के कारण आला अफसर इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं। दलित चिंतक समाजसेवी नरेन्द्र खंगराले द्वारा श्रीमती जरोलिया के पियरेड के समय सुबह 11:30 बजे कक्ष क्रमांक 15,16 में जाकर देखा तो उक्त शिक्षिका नदारद मिली। छात्राओं द्वारा बताया गया कि मेडम द्वारा शुक्रवार को क्लास ली गई थी। शनिवार एंव सोमवार को मेडम नही आई है, उनके मोबाईल नम्बर 9926008892 से सम्पर्क करने पर मोबाईल स्वीच ऑफ रहता है। प्राचार्य से सम्पर्क करने पर सम्पर्क नही हो सका। मोम प्रभारी जिनके अधिनस्त श्रीमती जरोलिया शैक्षणिक कार्य करती है। डॉ.पंकज जैन से चर्चा उपरांत बताया गया कि प्रभारी प्राचार्य डी.आर.वर्मा से बात करें, इस सम्बंध में मुझे कोई जानकारी नही है। उक्त शिक्षिका कई वर्षों से प्रतिनियुक्ति पर पोलोटेक्निक कालेज सीहोर में पदस्थ है, जबकि उनकी मूल पदस्थापना बुरहानपुर पोलो टेक्निक कालेज में है।

# क्षेत्रवासियों को 31 लाख की सौगात, नालियों के निर्माण से मिलेगी जल भराव से मुक्ति



सीहोर (निप्र)। नगर में लम्बे समय से जलभराव की समस्या के अब खत्म होने के दिन आ गए हैं। नगर पालिका परिषद ने इस समस्या पर योजना पर तेजी से काम चल रहा है। बारिश से पहले नगर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। इसको लेकर बीते दिन करीब एक करोड़ से अधिक की लागत से नालियों के निर्माण कराए गए है। इस क्रम में सोमवार को शहर के वार्ड क्रमांक 18 में दो नालियों का निर्माण कार्य नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्रवासियों से कराते हुए कहा कि बारिश के पहले सभी वार्ड की नालियों का निर्माण पक्का हो जाएगा। इससे जल भराव से मुक्ति मिलेगी। भूमि पूजन के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, कमलेश राठौर, अर्जुन राठौर, प्रदीप गौतम, राजेश मांझी, नरेन्द्र राजपूत, लोकेन्द्र वर्मा, संतोष शाक्य, मुकेश मेवाड़ा सहित अन्य बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी शामिल थे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वार्ड में अनेक नालियों का निर्माण बहुत जरूरी है। इसके बनने से लोगों के घरों और दुकानों से निकलने वाले पानी के कारण रोड पर जलभराव की समस्या अब नहीं होगी। उनकी भावनाओं को देखते हुए दो नालियों के निर्माण कार्य करीब 31 लाख से किया जाएगा। वार्ड के पार्षद प्रदीप गौतम ने बताया कि वार्ड के अंतर्गत मनोहर कुशवाहा के घर से लेकर मंशा देवी मंदिर तक करीब 14 लाख और यश कम्प्यूटर से लेकर मछलीपुल चौराहे तक करीब 17 लाख के नालियों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। लोगों की समस्या को देखते हुए उन्होंने नाली निर्माण काम शुरू कराया है। जल्द ही इस नाली का निर्माण पूरा हो जाएगा। उसके बाद वार्ड के अति आवश्यक कार्य को प्राथमिकता से कराए जाएंगे।

# सीहोर क्लब ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-1 से हराया



सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता के अलावा निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बड़ी संख्या में इच्छुक खिलाड़ी यहां पर आते है और उनके जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया और प्रभारी आनंद उपाध्याय द्वारा शामिल प्रशिक्षकों के द्वारा खेल की बारीकियों से अवगत किया जा रहा है। सोमवार की शाम को हुए मैच में सीहोर क्लब ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-1 से हराया। सोमवार को खेले गए इस मैच में सीहोर क्लब की ओर से तरुण-वंश ने एक-एक गोल किया था, वहीं एक मात्र गोल सीहोर चिल्ड्रन की ओर से अनमोल ने किया। वहीं रविवार को खेले गए मैच में सीहोर गर्ल्स टीम ने सीहोर ब्लू को 2-1 से हराया। इस मैच में माया गौर-श्रेया ने एक-एक गोल किया और सीहोर ब्लू की ओर से वेदांश ने एक गोल किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मंगलवार को सीहोर बाइज और सीहोर गर्ल्स के मध्य शाम को मैच खेला जाएगा।

# सीवन तट पर किया जा रहा भव्य शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान

## 501 से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर लिया रुद्राभिषेक

सीहोर (निप्र)। शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा 501 से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर रुद्राभिषेक किया। मंगलवार को यज्ञाचार्य पंडित पवन व्यास और पंडित कुणाल व्यास के मार्गदर्शन में सुबह भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ ही दोपहर में हनुमान चालिसा, सुंदरकांड और राम चरित्र मानस पाठ आदि का आयोजन किया जाएगा। पंडित श्री व्यास ने सोमवार को बताया कि रुद्राभिषेक करना शिव आराधनाओ में सर्वश्रेष्ठ तरीका माना गया है। रुद्राभिषेक के रुद्राष्टक अध्यायी पाठ के मंत्रों का वर्णन ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद में आया है। रुद्र का मतलब होता है कि जो संसार के जीवों के कष्टो को देखकर जिसका ह्रदय द्रवित हो जावे, उसे रूद्र कहते हैं। संसार में भगवान शिव इतने भोले भंडारी हैं कि वह अपने भक्तों का दुख कष्ट देख नहीं सकते इसीलिए शास्त्रों में उनका नाम रूद्र रखा है ऐसे रुद्र का अभिषेक पूजन मनुष्य के लिए अत्यंत कल्याण कारी होता है रुद्राभिषेक का मतलब है, भगवान रुद्र के ऊपर जल की धारा लगाकर रुद्राष्टक अध्यायी के मंत्रों से किसी भी वस्तु में भगवान शिव को अभीषिक्त करना, जिससे वह कल्याण करने के लिए भक्तों के सामने प्रकट हो जावें और उन्हें अभी अविचल भक्ति प्रदान कर उनके कष्टों का निवारण करें। रुद्राष्टाध्यायी द्वारा भगवान शिव के ऊपर जो धारा गिरती है। रुद्राभिषेक में शिवलिंग को अनेक वस्तुओं से जैसे दूध, दही, शहद, शक्कर, घी, फल का रस,भांग मिश्रित जल, भस्म मिश्रित जल तथा औषधीय के मिश्रण से बने जल से पवित्र स्नान कराकर उसकी पूजा-अर्चना की जाती है। कथा दूध और जल के मिश्रण से धारा लगाकर रुद्राभिषेक किया जाता है शिवलिंग का अभिषेक आशुतोष शिव को शीघ्र प्रसन्न करके साधक को उनका कृपापात्र बना देता है। तथा रुद्राभिषेक से मनुष्य के सारे पाप-ताप धुल जाते हैं। भगवान श्री राम ने लंका पर कूच करने से पहले भगवान शिव की पार्थिव पूजा की थी। कलयुग में भगवान शिव का पार्थिव पूजन कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने किया था। शनिदेव ने अपने पिता सूर्यदेव से शक्ति पाने के लिए काशी में पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन किया था।




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com